* वर्ष 40 * अंक 65 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर मंगलवार दिनांक 3 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक


## 50 किलो सोना और करोड़ों कैश

### उदयपुर में कारोबारी के घर मिली 137 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति

**उदयपुर (पुकार)।** आयकर विभाग ने उदयपुर के एक परिवहन व्यवसायी से जुड़े राजस्थान और मुंबई के 23 स्थानों पर चार दिन तक छापेमारी की। इस दौरान 137 करोड़ रुपये की बेहिसाब संपत्ति जब्त की गई। जब्त संपत्ति में 5 करोड़ रुपए नकद और 50 किलोग्राम सोना भी शामिल है।

आयकर विभाग ने हाल ही में उदयपुर स्थित एक प्रमुख परिवहन व्यवसायी टीकम सिंह राव से जुड़े 23 स्थानों पर छापे मारे। इस दौरान राव के उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी में भी छापेमारी की गई। अधिकारियों ने छापेमारी खत्म होने के बाद अहम खुलासे किए। प्रारंभिक आकलन के अनुसार 137 करोड़ रुपए से अधिक की बेहिसाब संपत्ति जब्त की गई। अघोषित संपत्ति के कुल आकलन के लिए जांच जारी है।





छापेमारी में उदयपुर, जयपुर और मुंबई सहित कई शहर शामिल थे। आयकर अधिकारियों ने कहा कि इस छापेमारी में राजस्थान में अब तक की सबसे बड़ी सोने की बरामदगी है। जब्त किए गए दस्तावेजों की अभी जांच चल रही है। कार्रवाई में उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक टीकम सिंह राव और उनके छोटे भाई गोविंद सिंह राव से जुड़ी संपत्तियों को निशाना बनाया गया।

अधिकारियों ने खुलासा किया कि टीकम सिंह ने अपनी बेहिसाब संपत्ति मुख्य रूप से लक्जरी कारों, रियल एस्टेट और होटल उद्योग में निवेश की थी। दस्तावेजों के आगे के विश्लेषण के बाद काले धन की कुल राशि बढ़ सकती है।

एक आयकर अधिकारी ने कहा, ÷हमने छापे में 50 किलो सोना बरामद किया, जिसमें 45 किलो अघोषित था। छापेमारी के दूसरे दिन 29 नवंबर को टीकम सिंह के उदयपुर स्थित आवास से 25 किलो सोना और 3 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। 30 नवंबर तक सात बैंक लॉकर खोलकर 25 किलो सोना और 2 करोड़ रुपए नकद जब्त किए गए। कुल मिलाकर 50 किलो सोना और 5 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए, जिसमें केवल 5 किलो सोना और 1 करोड़ रुपये घोषित आय का हिस्सा थे।

यह कार्रवाई आयकर विभाग जयपुर के प्रधान निदेशक अवधेश कुमार के निर्देशन में 28 नवंबर की सुबह शुरू की गई थी। छापेमारी 1 दिसंबर को समाप्त हुई। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी में 250 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी लगे हुए थे।

## सरकार का बड़ा फैसला

### पैकेज्ड ड्रिंकिंग और मिनरल वाटर अब 'हाई रिस्क कैटेगरी' में



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने बड़ा कदम उठाते हुए पैकेज्ड ड्रिंकिंग और मिनरल वाटर को 'हाई रिस्क खाद्य पदार्थ श्रेणी' में शामिल किया है। अब इनका अनिवार्य निरीक्षण और थर्ड पार्टी ऑडिट किया जाएगा। यह घोषणा केंद्र सरकार द्वारा पैकेज्ड और मिनरल वाटर उद्योग के लिए भारतीय मानक ब्यूरो से प्रमाणन प्राप्त करने की अनिवार्य शर्त को हटाने के बाद की गई है। FSSAI द्वारा जारी नए नियम के तहत, अब सभी पैकेज्ड पेय और मिनरल वाटर निर्माताओं को वार्षिक निरीक्षण का सामना करना पड़ेगा। ये निरीक्षण कंपनी को लाइसेंस या पंजीकृत करने से पहले किए जाएंगे। एफएसएसएआई के आदेश के अनुसार, पैकेज्ड पेयजल सहित हाई रिस्क वाले खाद्य श्रेणियों के व्यवसायों को एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त थर्ड पार्टी खाद्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा वार्षिक ऑडिट कराना होगा। सरकार का इस कदम के पीछे का उद्देश्य इन उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों में सुधार करना है, ताकि उपभोक्ता को सुरक्षित चीज मुहैया कराई जाए। गौरतलब है कि पैकेज्ड पेयजल उद्योग ने इससे पहले सरकार से नियमों के सरलीकरण की मांग की थी। बीआईएस और एफएसएसएआई दोनों से दोहरे प्रमाणन की आवश्यकताओं को हटाने का अनुरोध किया था। जानकारों का मानना है कि नये नियमों से अनुपालन प्रक्रिया को सुचारू बनाने तथा निर्माताओं पर बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

## महाराष्ट्र : भाजपा विधायक दल की बैठक 4 को, निर्मला और रूपाणी को पर्यवेक्षक बनाया

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा का रिजल्ट आने के 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो पाया है। महायुति यानी भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी में एक सीएम और दो डिप्टी सीएम का फॉर्मूला तय किया गया है। भाजपा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को पर्यवेक्षक बनाया है। विजय रूपाणी मंगलवार शाम मुंबई पहुंचेंगे, जबकि निर्मला सीतारमण 4 दिसंबर को सुबह मुंबई पहुंचेंगी। बीजेपी विधायक दल की बैठक 4 दिसंबर को सुबह 10 बजे विधान भवन के सेंट्रल हॉल में होगी। इसमें सीएम का नाम तय होगा। 5 दिसंबर को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में सीएम का शपथ समारोह होगा। भाजपा की ओर से देवेंद्र फडणवीस का सीएम बनना तय माना जा रहा है। दिल्ली में देर रात तक अजित पवार और अमित शाह की मुलाकात हो सकती है। पवार दिल्ली पहुंच गए हैं। इसमें फडणवीस वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मीटिंग में जुड़ेंगे। सोमवार शाम को अजित पवार ने दिल्ली में पार्थ पवार और प्रफुल्ल पटेल के साथ बैठक की। इधर भाजपा नेता और पिछली सरकार में मंत्री रहे गिरीश महाजन ने शिंदे से ठाणे में मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शिंदे को गले में संक्रमण है और बुखार भी है।

## सीएम पद के संशय के बीच फडणवीस ने शिंदे को मिलाया फोन, तबीयत का लिया हालचाल

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की ऐतिहासिक जीत के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर संशय



बना हुआ है। इसी बीच खबर है कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे को फोन करके उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद शिंदे अपने पैतृक गांव पहुंचे थे, जहां पर उनकी तबीयत खराब हो गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अपने पैतृक गांव से वापस लौटे एकनाथ शिंदे ने डॉक्टर की सलाह पर सोमवार को अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए। सूत्रों के मुताबिक डॉक्टर ने फिलहाल उन्हें आराम करने की सलाह दी है। इस महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों को आए 10 दिन हो चुके हैं। लेकिन सीएम कौन होगा इसको लेकर अभी भी कोई फैसला नहीं हो पाया है। महायुति में सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करने वाली भाजपा ने मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह की तरीख और समय का ऐलान कर दिया है लेकिन सीएम पद को लेकर अभी केवल अटकलें ही लगाई जा रही हैं। सभी की निगाहें इस समय शिंदे पर थीं। क्योंकि शिवसेना तोड़कर आए शिंदे पिछले ढाई साल से मुख्यमंत्री पद पर बैठे हुए थे। ऐसे में उनका सीएम से नीचे आकर डिप्टी सीएम बनना आसान फैसला नहीं होगा।

## प्रदेश में जमीन-मकान खरीदना महंगा हुआ, बढ़ी दरें हो गई लागू

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में घर-जमीन खरीदना अब महंगा हो गया है। सरकार ने बढ़ी हुई डीएलसी रेट (बाजार कीमत) को आज (2 दिसंबर) से लागू कर दिया है। शहरी इलाकों में डीएलसी रेट 5 से 15 फीसदी तक, जबकि



कुछ ग्रामीण इलाकों में 50 फीसदी बढ़ाई गई है। 15 फीसदी के हिसाब से 50 लाख रुपए कीमत के एक मकान या भूखंड की रजिस्ट्री करवाने पर पुरुषों को 66 हजार रुपए ज्यादा देने होंगे। खास बात यह है कि अब शहरी क्षेत्रों में जमीन की रजिस्ट्री वर्ग गज या वर्ग मीटर के बजाय एक समान वर्ग मीटर में ही होगी। वहीं, ग्रामीण इलाकों में कृषि भूमि की रजिस्ट्री बीघा के बजाय हेक्टेयर में होगी। शनिवार और रविवार को लगातार दो दिन पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग (रजिस्ट्रेशन एंड स्टांप डिपार्टमेंट) ने सॉफ्टवेयर में दरों को अपडेट करवाने का काम किया। इसे देखते हुए 30 नवंबर और 1 दिसंबर को विभाग के संबंधित कर्मचारियों-अधिकारियों की छुट्टियां भी रद्द रहीं। दरअसल, डीआईजी स्टांप जयपुर जी.एल. शर्मा को जून-जुलाई में जिला स्तरीय समितियों से प्रस्ताव मिले थे। इन प्रस्तावों पर चर्चा के बाद डीएलसी रेट बढ़ाने का निर्णय किया है। सरकार ने इससे पहले इसी साल एक अप्रैल को भी डीएलसी दरों में 10 फीसदी का इजाफा किया था। इस तरह यह साल में दूसरा मौका है, जब डीएलसी रेट बढ़ाई हैं।

### 5 माह पहले आए थे प्रस्ताव

सभी उपखंड एरिया से डीएलसी के प्रस्ताव करीब पांच माह पहले जून में मांगे गए थे। इन प्रस्तावों पर चर्चा के बाद ये बढ़ोतरी की गई हैं। बताया जा रहा है कि जिन ग्रामीण एरिया में डेवलपमेंट तेजी से हुआ है, वहां शहरीकरण तेजी से बढ़ा है। उन एरिया में डीएलसी की दरें 50 फीसदी तक बढ़ाई हैं। इसके अलावा सिंचित कृषि भूमि की डीएलसी रेट में भी 50 फीसदी तक इजाफा किया है। क्योंकि अधिकांश जगहों पर सिंचित जमीनों की डीएलसी असिंचित जमीनों के समान या कुछ जगहों पर कम थी। सूत्रों के मुताबिक जयपुर में दरों में 15 फीसदी तक का इजाफा किया है। कई जगहों पर 10 और कुछ जगहों पर 5 या 8 फीसदी का इजाफा किया है। सीकर रोड और जगतपुरा के एरिया में डीएलसी दरों में ज्यादा बढ़ोतरी की गई है।

### महिलाओं के नाम से रजिस्ट्री पर कम देने होंगे रुपए

जिन स्थानों की डीएलसी दरों में 15 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, वहां 50 लाख रुपए कीमत के एक मकान या भूखंड की रजिस्ट्री करवाने पर पुरुषों को 66 हजार रुपए ज्यादा देने होंगे। वहीं, महिला के नाम पर रजिस्ट्री करवाने पर 56 हजार 250 रुपए ज्यादा देने होंगे।

### करीब 8.8 फीसदी की दर से लगता था रजिस्ट्री शुल्क

अभी तक पुरुषों के नाम पर संपत्ति खरीदने पर 8.8 प्रतिशत की दर से रजिस्ट्री शुल्क लगता था। इसमें 6 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी और 1 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस होती थी। कुल स्टांप ड्यूटी पर 30 प्रतिशत का अलग से सरचार्ज और अन्य चार्ज लगता था। इसी तरह महिला के नाम पर रजिस्ट्री करवाने पर करीब 7.5 प्रतिशत की दर लगती थी। इसमें 5 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी और 1 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस होती थी। वहीं, स्टांप ड्यूटी पर 30 प्रतिशत सरचार्ज शामिल होता है।

## गहलोत राज की 100 करोड़ की योजना बंद

### सड़कें, सफाई, शिक्षा को लेकर होता था खर्च; भजनलाल सरकार खुद की स्कीम लाएगी



**जयपुर (पुकार)।** गहलोत राज की एक और योजना को भजनलाल सरकार ने बंद कर दिया है। गहलोत सरकार में साल 2022 में शुरू की गई मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना (सीएमएडी) को 1 अप्रैल 2025 से बंद कर दिया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग ने योजना को बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस योजना का 100 करोड़ का बजट था। भजनलाल सरकार अब इसकी जगह नई योजना लाने की तैयारी कर रही है। अगले बजट में नई योजना की घोषणा के आसार हैं। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत ग्रामीण सड़कें, सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और छोटे पुल से लेकर वे काम करवाए जा सकते थे, जो मौजूदा योजनाओं में कवर नहीं होते थे। पिछड़े और दूरदराज के जिलों में विकास के कामों की प्राथमिकता थी। इस योजना में हर जिले में 2.77 करोड़ के काम हर साल करवाने का प्रावधान था। संभाग मुख्यालय वाले जिले में 4 करोड़ के काम करवाए जा सकते थे। इस योजना में कलेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी जिले के कामों की सिफारिश भेजती थी। योजना के तहत जिलों से आई कामों की सिफारिशों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी स्क्रूटनी करती थी। इस कमेटी की मंजूरी के बाद बजट जारी होता था।

## जूठे बर्तन और शौचालय की सफाई... अकाल तख्त ने सुखबीर सिंह बादल को सुनाई धार्मिक सजा



**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल को अकाल तख्त ने धार्मिक सजा सुनाई। दो महीने पहले अकाल तख्त ने उन्हें तनखैया (धार्मिक मामलों में अपराधी) घोषित किया था। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने सजा सुनाते हुए बादल को गोल्डन टेंपल में जूठे बर्तन धोने और शौचालय की सफाई का आदेश दिया है। साथ ही उन्हें पंच सिंह साहिबों के घर के बाहर सुबह एक घंटा सेवादारी का काम भी सौंपा गया है। अकाल तख्त ने सजा सुनाते हुए बादल को आदेश दिया कि उन्हें सजा के दौरान रोजाना गुरुद्वारे में कीर्तन सुनना होगा। अपने कार्यकाल के दौरान सुखबीर सिंह बादल और उनके कैबिनेट मंत्रियों को गलत राजनीतिक निर्णय लेने का दोषी पाया गया है। इसमें डेरा सच्चा सौदा के गुरमीत राम रहीम को माफी देने का भी आरोप है। उन्होंने गोल्डन टेंपल में पंच सिंह साहिबानों के सामने अपनी गलती स्वीकार की। सुखबीर सिंह बादल कुछ दिन पहले ही अकाली दल अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके हैं। सजा का ऐलान करते हुए जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल को आदेश दिया कि वे तीन दिन के भीतर उनका इस्तीफा स्वीकार करें और पार्टी में नए अध्यक्ष के लिए आगामी 6 महीने के भीतर चुनाव पूरा करा लें।

## तूफान फेंगल के चलते तमिलनाडु में बाढ़; पानी में बह गईं गाड़ियां, निचले इलाकों में भरा पानी

**चेन्नई (एजेंसी)।** चक्रवाती तूफान फेंगल ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में काफी तबाही मचाई। तमिलनाडु पश्चिमी जिले धर्मपुरी और कृष्णगिरि जिले बाढ़ की चपेट में हैं। कृष्णगिरि में पिछले दो से तीन दशकों में अभूतपूर्व बाढ़ आई। कार और दूसरी गाड़ियां बाढ़ के पानी में बहकर निचले इलाकों में चली गईं। बाढ़ के कारण उथंगराई से कृष्णगिरि और तिरुवन्नामलाई जैसे शहरों तक सड़क मार्ग से पहुंचना मुश्किल हो गया है। भारी बारिश से मची तबाही के कुछ वीडियो फुटेज सामने आए हैं जिसमें कारें और बसें पानी में बहती दिख रही हैं। कई लोगों के घरों में पानी भरा हुआ है। लोगों को यातायात में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तमिलनाडु का विल्लुपुरम जिला अभूतपूर्व बाढ़ से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को क्षेत्र का दौरा किया और प्रभावित लोगों से बात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की। विल्लुपुरम से होकर गुजरने वाली सभी रेल सेवाओं के अस्थायी रूप से निलंबित हो जाने से सैकड़ों यात्री प्रभावित हुए हैं। रेलवे के अधिकारी ने स्थिति में सुधार होने पर सुरक्षा मानदंडों का पालन करते हुए सेवाओं को फिर से शुरू करने का संकेत दिया है। विल्लुपुरम और उसके आसपास के प्रमुख चेन्नई-तिरुचिरापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित हुआ। विल्लुपुरम शहर, आसपास के कस्बे और गांव भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ का पानी निचले इलाकों में चला गया है। एक पुल का हिस्सा बह जाने के कारण तिरुवन्नामलाई जिले में अरनी के निकट कई गांवों का संपर्क टूट गया।



## इंडिया ब्लॉक की बैठक में टीएमसी नहीं गई : स्पीकर के साथ सर्वदलीय मीटिंग, सदन चलाने पर सहमति बनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार पांचवें दिन भी हंगामा हुआ। विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन में अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी नेताओं ने वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगाए। बैठक से पहले इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इसमें लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। हालांकि टीएमसी सांसद नहीं आए। टीएमसी से जुड़े सूत्रों ने कहा कि वे सदन में बेरोजगारी, मणिपुर, महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस



सिर्फ अडाणी मुद्दे पर हंगामा कर रही है।

उधर, सदन की कार्यवाही ठीक से नहीं चलने को लेकर लोकसभा स्पीकर ने पक्ष और विपक्ष के फ्लोर लीडर्स की मीटिंग बुलाई। मीटिंग में तय हुआ कि 3 दिसंबर से दोनों सदन ठीक से चलाए जाएंगे।

### स्पीकर की बैठक में सदन शांति से चलाने पर सहमति बनी

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के साथ पक्ष और विपक्ष के फ्लोर लीडर्स की सोमवार को मीटिंग हुई। इसमें तय हुआ कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों को ठीक से चलाया जाएगा। विपक्ष के नेताओं ने कुछ मांगे रखी जिसे मान लिया गया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, सदन नहीं चलना और जनता के पैसों का नुकसान होना ये ठीक नहीं है। सबने इस बात को माना है। 13 और 14 तारीख को संविधान पर लोकसभा में चर्चा करेंगे और 16-17 को राज्यसभा में चर्चा होगी। कल हम सदनों में पहला बिल पास करेंगे। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, हम पहले दिन से ही कह रहे हैं कि विपक्ष संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर लोकसभा और राज्यसभा में संविधान पर दो दिवसीय चर्चा चाहता है। हम सरकार के औपचारिक बुलेटिन का इंतजार कर रहे हैं, आज उन्होंने अनौपचारिक रूप से हमें बताया कि जल्द ही तारीख की घोषणा की जाएगी। टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के साथ बैठक पर कहा, आज की बैठक में हम सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सदन कल से शुरू होगा। 13-14 को संविधान पर चर्चा होगी... कल समाजवादी पार्टी को संभल पर बोलने की अनुमति दी जाएगी और हम बांग्लादेश पर बोलेंगे।

### 4 दिन, 4 बैठकों में 40 मिनट चली संसद

सोमवार को लोकसभा में सिर्फ 14 मिनट और राज्यसभा में करीब 15 मिनट ही कार्यवाही चल सकी। इससे पहले चार दिनों के अंदर चार बैठकों में दोनों सदनों में कुल 40 मिनट ही कार्यवाही हो सकी थी।

## तीन तरफ से घिरे जेलेंस्की को अपने ही देने लगे गच्चा, एक लाख से ज्यादा सैनिकों ने मैदान-ए जंग छोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को एक साथ कई मोर्चों पर टेंशन झेलना पड़ रहा है। उन्हें झटके पर झटका लग रहा है। एक तरफ उन पर रूस ताबड़तोड़ यूक्रेनी ठिकानों पर मिसाइलें दाग रहा है तो दूसरी तरफ अगले महीने डोनाल्ड ट्रंप के शासन संभालने के बाद वित्तीय और सैन्य मदद में कटौती का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच, युद्ध के मैदान से सैनिक भी ताबड़तोड़ जेलेंस्की को झटका दे रहे हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 60,000 से ज्यादा यूक्रेनी सैनिकों ने मैदान-ए-जंग छोड़ दिया है। यह संख्या पिछले साल यानी 2022 और 2023 में युद्ध का मैदान छोड़ने वाले सैनिकों की संख्या से लगभग दोगुना है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल जनवरी से अक्तूबर के बीच रूस के खिलाफ जंग में दो सालों की तुलना में सबसे अधिक यूक्रेनी सैनिक रणक्षेत्र से भाग खड़े हुए हैं। बता दें कि फरवरी 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है, जिसके तीन साल पूरे होने को हैं। एसोसिएटेड प्रेस ने यूक्रेन के महाभियोक्ता कार्यालय (Prosecutor General's Office) के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा है कि इन तीन वर्षों में रूसी हमलों के खौफ से करीब एक लाख से ज्यादा



सैनिकों पर युद्ध का मैदान छोड़कर भागने के आरोप लगे हैं।

दरअसल, इस वर्ष यानी 2024 में साल भर रूस ने पूर्वी यूक्रेन के कई इलाकों में लगातार हमले किए हैं और अपनी पहुंच मजबूत की है। पूर्वी डोनेटस्क के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी रूसी फौज ने कब्जा किया है। अब रूस यूक्रेन के लिए सामरिक रूप से अहम अगदीवका जैसी प्रमुख बस्ती पर कब्जा करने का दावा कर रहा है। इसके अलावा रूस की नजर अब रणनीतिक रूप से अहम निप्रापेट्रोव्स्क पर है, जो डोनेटस्क सीमा के नजदीक है।

हालांकि, रूस को भी सैनिकों की संख्या के मोर्चे पर कमी का सामना करना पड़ रहा है। उसे भी उत्तर कोरिया से भाड़े के सैनिक मंगवाने पड़े हैं। यूक्रेन में भी सैनिकों की भारी कमी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सतता है कि यूक्रेन ने अप्रैल में जो भर्तियां निकाली थीं, उसमें उम्र सीमा घटाकर 27 से 25 वर्ष कर दी थी। अब वाशिंगटन ने उसे सलाह दी है कि घटती सैनिक संख्या को पूरा करने के लिए यूक्रेन को भर्तियों में न्यूनतम उम्र सीमा घटाकर 18 से भी नीचे कर देना चाहिए।

इस बीच एपी की रिपोर्ट में यूक्रेन की 72वीं ब्रिगेड के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि यूक्रेन के गढ़ शहर वुहलदार पर रूस के भीषण आक्रमण और शहर के खंडहर में तब्दील होने के बाद से बड़ी संख्या में सैनिकों ने युद्ध का मैदान छोड़कर पलायन किया है। हालांकि, वह अधिकारी पलायन कर चुके सैनिकों पर कोई आरोप लगाना नहीं चाहते और कहा कि हमने अब तक उनका अधिकतम उपयोग कर लिया है।

## अगले साल भारत आ सकते हैं रूसी राष्ट्रपति पुतिन, पीएम मोदी ने भेजा निमंत्रण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति अगले साल भारत आ सकते हैं। रूस ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औपचारिक रूप से भारत आने का निमंत्रण दिया है और उनकी यात्रा की तारीखें 2025 की शुरूआत में तय की जाएंगी।

फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर पुतिन की यह पहली भारत यात्रा होगी। पुतिन की भारत यात्रा दोनों देशों के नेताओं की पारस्परिक वार्षिक यात्राओं के लिए निर्धारित संरचना के हिस्से के रूप में होगी। पुतिन की भारत यात्रा की घोषणा से पहले नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अगले साल क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने की भी उम्मीद है। क्रेमलिन के



सहयोगी यूरी उशाकोव ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, हमारे नेताओं के बीच साल में एक बार बैठक आयोजित करने का समझौता है। इस बार हमारी बारी है। हमें मोदी का निमंत्रण मिला है और हम निश्चित रूप से इस पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे। हम अगले साल की शुरूआत में संभावित तिथियों का पता लगा लेंगे।

**पुतिन को 2025 में भारत आने का निमंत्रण :** विदेश मंत्रालय द्वारा पहले जारी एक बयान के अनुसार, इस साल जुलाई में 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मॉस्को में उन्हें और उनके प्रतिनिधिमंडल को दिए गए भव्य आतिथ्य के लिए राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद देते हुए, प्र.म. मोदी ने उन्हें 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए 2025 में भारत आने का निमंत्रण दिया। पिछले महीने कज़ान में मोदी ने एक बार फिर पुतिन से कहा था कि भारत यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने में मदद के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### उदयपुर की अद्विका व जयपुर के आरुष बने राज्य शतरंज -13 चैंपियन



**उदयपुर (पुकार)।** ज़िला शतरंज संघ उदयपुर द्वारा राजस्थान राज्य -13 प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवम्बर से 1 दिसंबर तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, भुवाना में किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन प्रतियोगिता का उद्घाटन मशहूर एडवोकेट राजेश जजोदिया व सीए स्वाति गोयल द्वारा प्रथम टेबल पर चाल चलकर किया गया। कुल 7 चक्रों में संपन्न हुई प्रतियोगिता में कुल 18 ज़िलो से 192 खिलाड़ियो ने भाग लिया, जिसमें उदयपुर से सर्वाधिक 94 प्रतिभागी थे। जिला शतरंज संघ की अध्यक्षा सोनल गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि एडीएम सिटी वीर सिंह, विशिष्ट अतिथि केजी गट्टानी फाउण्डेशन की डायरेक्टर श्रद्धा गट्टाणी, अतिथि डीपीएस स्कूल के प्रिंसिपल संजय नरवाया थे। प्रतियोगिता में कुल रैंकिंग के तहत अद्विका सरूपरिया (उदयपुर) ने 6 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया और 3100 रू. व ट्रॉफी जीती। आराध्या उपाध्याय (भीलवाड़ा) ने 6 अंकों के साथ दूसरा स्थान और 2100 रू. व ट्रॉफी प्राप्त की। जबकि लोरिशा कोठारी (उदयपुर) ने 6 अंको के साथ तीसरा स्थान और 1100 रू. व ट्रॉफी हासिल की। यशिका शर्मा (कोटा) और तुषिका जैन (अलवर) ने 500 रू. व ट्रॉफी प्राप्त की।

### प्रियंका चौहान को पीएचडी की उपाधि



**उदयपुर (पुकार)।** बी एन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, उदयपुर की शोधार्थी प्रियंका चौहान पिता राजेन्द्र सिंह चौहान ने 'फार्मूलेशन एंड ऑप्टिमाइजेशन ऑफ़ पीएलजीए एनकेप्सुलेटेड मेटफोर्मिन हाइड्रोक्लोराइड माइक्रोस्फीयरस' विषय पर डॉ चेतन सिंह चौहान, आचार्य फार्मास्युटिक्स के निर्देशन में पीएचडी की उपाधि बी एन विश्वविद्यालय ने प्रदान की। प्रियंका चौहान ने अपने शोध पत्र राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत किये और प्रकाशित भी करवाये। इस नई दवा प्रणाली से डायबिटीज के ब्लड शुगर लेवल को लंबे समय तक मेंटेन किया जा सकेगा एवं रोगी को बार-बार दवा लेने की झंझट से भी छुटकारा मिलेगा तथा हृदय, गुर्दा, आँखों की तकलीफ से भी छुटकारा मिलेगा। ये जानकारी विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।

### पेसिफिक कला महाविद्यालय रहा विजेता

**उदयपुर (पुकार)।** पेसिफक विश्वविद्यालय के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय द्वारा सोमवार को अंतर-महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय की छः टीमों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का फाइनल और निर्णायक मैच पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय और पेसिफिक फिजिकल महाविद्यालय के मध्य हुआ जिसमें पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय विजेता रहा। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पेसिफिक क्रीड़ा मण्डल अध्यक्ष प्रो. हेमन्तकोठारी, पेसिफिक पॉलिटेक्निक निर्देशक डॉ. मुकेश श्रीमाली थे।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पेसिफिक मैनेजमेंट कॉलेज के डॉ. विपीनमाथुर एवं फिजिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हेमन्तपण्ड्या थे ।कार्यक्रम के समापन सत्र में पधारे हुए अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता छात्रों को पारितोषिक प्रदान कर प्रोत्साहन दिया गया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी खेल अधिकारी मौजूद थे।कार्यक्रम के अन्त में डॉ. नीरज श्रीमाली द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### अब नवजात शिशुओं की ब्रेन एमआरआई संभव : डॉ. रामबीरसिंह



**उदयपुर (पुकार)।** अमेरिकन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के रेडियो डायग्नोसिस विभागाध्यक्ष डॉ. रामबीरसिंह ने बच्चों के मस्तिष्क संबंधित बीमारियों व इसमें होने वाली एमआरआई की उपयोगिता पर विचार रखे। वे राजस्थान आईआरआईए रेडियोलॉजी की ओर से कोटा के यूआईटी सभागार में हुए 31वे वार्षिक अधिवेषन को संबोधित कर रहे थे। डॉ. रामबीरसिंह ने बच्चों में होने वाली मस्तिष्क संबंधित बीमारियों पर चर्चा की। शोध का विवरण करते हुए कहा कि नवजात षिषुओं में मस्तिष्क से संबंधित विभिन्न बीमारियों में एमआरआई जांच महत्वपूर्ण है। इससे रोग की सटिकता का पता लगाना और एमआरआई की रिपोर्ट के आधार पर निदान में मुख्य भूमिका होती है। इसमें प्रदेषभर से रेडियोलॉजिस्ट और अंतरराष्ट्रीय स्पीकर पहुंचे थे। प्रदेषभर से पहुंचे पीजी स्टूडेंट्स और रेडियोलॉजिस्ट्स ने डॉ. रामबीरसिंह के शोध की सराहना की।

### सामायिक को अपने उद्देश्य की सार्थकता दें : मुनि मेधांश



**उदयपुर (पुकार)।** धर्म किया नहीं जाता बस हो जाता है। आज धार्मिक आदमी क्रिया प्रधान होता जा रहा है। आप कितनी भी क्रिया करो यदि आपका स्वभाव नही बदला, विचार नही बदला,आदत नहीं बदली तो समझ जाना हम धर्म नहीं कर्म कर रहे है। मात्र क्रिया कर्म से जीवन नहीं बदलता। जीवन बदलना है धर्म को जीवन में उतारने से सामायिक के विधिवत प्रयोग से धर्म जीवन में उतर आता है और समता आ गई तो सामायिक सफल हो गई। उक्त विचार युग प्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के आज्ञाणुव्रती शासन श्री मुनि सुरेश कुमार जी के सहवर्ती संत मुनिश्री सम्बोध कुमार जी मेधाश नें महावीर भवन में प्रवचन के दौरान व्यक्त किये। प्रारम्भ में मुनि सिद्धप्रज्ञ ने तीर्थकर महावीर थारो ध्यान धू्र गीत का संगान करते हुए कहा कि - जीवन में कर्म और धर्म दोनो चलते है पर दोनो अलग नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर महावीर भवन के मंत्री मनीष नागोरी, अरुण कोठारी, छगन बोहरा आदि ने स्वागम एवं आभार की रश्म अदा करते हुए पुनः पधारने की पूरजोर अर्ज की। प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन नें सामायिक के साथ भाग लिया।

### सुविवि एम ए योगा पाठ्यक्रम में लेटरल एंट्री के अंतर्गत थर्ड सेमेस्टर में प्रवेश प्रारंभ

**उदयपुर (पुकार)।** सुविवि योग केंद्र में स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित हो रहे एम.ए. योग पाठ्यक्रम के थर्ड सेमेस्टर में लैटरल एंट्री के अन्तर्गत आनलाईन प्रवेश आवेदन सोमवार 2 दिसंबर से प्रारंभ किए गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 10 दिसंबर है। योग केंद्र से समन्वयक डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सुविवि योग केंद्र के तत्वावधान में ह्श्वक्क2020 के अनुसार तैयार किये गये पाठ्यक्रम में यह लैटरल एंट्री की व्यवस्था है जिसके अंतर्गत योग विषय में 1 वर्षीय नियमित स्नाकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र-छात्रा एम.ए. योगा के तृतीय सेमेस्टर में लैटरल एंट्री हेतु आवेदन कर सकते हैं।

### युवराज बेन्जामिन का राष्ट्रीय स्तर कराटे में चयन

**उदयपुर (पुकार)।** 68वीं राष्ट्रीय कराटे 17 वर्ष आयु वर्ग (छात्र) प्रतियोगिता में सेन्ट पॉल सीनियर सैकण्डरी स्कूल के छात्र युवराज बेन्जामिन का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य फादर जॉर्ज के.के. ने बताया कि यह प्रतियोगिता 9 से 15 दिसम्बर तक दिल्ली में आयोजित होगी। वर्तमान में युवराज बेन्जामिन धौलपुर में आयोजित पूर्व प्रशिक्षण में भाग ले रहा है।

# आवासन मण्डल द्वारा बिना मुआवजा दिये किसानों की भूमि में अतिक्रमण





**उदयपुर (पुकार)।** पानेरियों की मादड़ी के खातेदारों की कृषि भूमि पर आवासन मण्डल द्वारा बिना मुआवजा दिये जबरन किसानों की जमीन के अन्दर पुलिस बल के साथ किसानों एवं महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की व जोर-जबरजस्ती करके अतिक्रमण कर किसानों को बेदखल करने का प्रयास किया। किसानों के भारी आक्रोश एवं विरोध से जिला कलेक्टर महोदय जी ने आवासन मण्डल को एक पत्र लिखा जिसमें काश्तकार द्वारा उपलब्ध कराए गए नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रत्र क्रमांक प. 6 (29) नगरीय विकास विधि/3/2020 के पैरा संख्या-3 खण्ड (8) के पश्चात् नवीन खण्ड (8-ए) दि. 4-11-2020 के तहत 15 प्रतिशत के बजाय 25 प्रतिशत देने के आदेश दिये, जिस पर आवसन मण्डल ने सन् 2020 में कई खातेदारों 20 प्रतिशत आवसीय एवं 5 प्रतिशत कॉमर्शियल मुआवजा दिया गया है। जिस पर जिलाधीश महोदय ने आवसन मण्डल के संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर किसानों को आश्वस्त किया कि यदि इसी जमीन से लगी जमीन का मुआवजा आवसन मण्डल द्वारा 25 प्रतिशत दिया है तो निश्चित में रूप से आपको 25 प्रतिशत का आंवटन किया जाएगा। इस दौरान भारी संख्या मौजूद किसानों ने काफी विनती की परन्तु पुलिस बल एवं आवासन मण्डल के अधिकारियों ने किसानों की बिलकुल नहीं सूनी और एक तरफा कार्यवाही की।

# मेनारिया समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



**उदयपुर (पुकार)।** मेनारिया समाज पानेरियों की मादड़ी के तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह रॉयल खेड़ा स्टेडियम, कानपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मेनारिया समाज ग्राम सभा, पानेरियों की मादड़ी के उपाध्यक्ष तुलसीराम कचरावत, बंशीलाल नाथावत, महामंत्री किशन नेतावत, विशिष्ठ अतिथि धनलाल मेनारिया, लक्ष्मण मानावत प्रवक्ता कैलाश मेनारिया, गिर्वा जोन के उपाध्यक्ष अर्जुन मेनारिया, मंत्री भूपेश मेनारिया, औंकार मेनारिया, उदयलाल मेनारिया, दिपलाल मेनारिया थे।

मेनारिया समाज खेल मंत्री राजेश मेनारिया ने बताया कि प्रथम सेमीफाईनल श्रीराम मोटर्स बनाम श्रीजी डवलपर्स, द्वितीय सेमीफाईनल रिद्धी सिद्धी एडवरटाइजर्स बनाम एपेक्स सोलर जिसमें रिद्धी सिद्धी एडवरटाइजर्स विजयी रही। फाइनल मैच रिद्धी सिद्धी एडवरटाइजर्स बनाम श्री राम मोटर्स के मध्य रहा जिसमें पहले बल्लेबाजी श्रीराम मोटर्स ने 10 ओवर में 99 का लक्ष्य दिया जिसमें रिद्धी सिद्धी एडवरटाइजर्स ने 88 रन 7 विकेट के नुकसान पर 10 ओवर में बना सकी एवं श्री राम मोटर्स 10 रन से विजयी रही। बेस्ट बॉलर कुणाल पुरोहित, बेस्ट फिल्डर जैम मानावत, बेस्ट बैट्समैन अश्विन मेनारिया एवं मैन ऑफ द सीरिज कुणाल पुरोहित रहे।

इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा उप विजेता एवं विजेता टीम को ट्रॉपी प्रदान की गयी। समापन समारोह के दौरान दिशान्त मेनारिया, तरूण मेनारिया, यशवन्त मेनारिया, सौरभ मेनारिया एवं अन्य कई मेनारिया समाज के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मनाया विश्व एड्स दिवस



**उदयपुर (पुकार)।** गीतांजलि हॉस्पिटल में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जिसमें डॉ अभिजीत बासु प्रोफ़ेसर नोडल ऑफिसर, डॉ नवगीत माथुर एआरटी एसएमओ, डॉ कल्पना गुप्ता नोडल ऑफिसर एसटीआई क्लिनिक, डॉ मेधा शर्मा नोडल ऑफिसर आईसीटीसी, डॉ अवंतिका सिंह एमओ एआरटी, डॉ अतुल लुहाडिया एनटीइपी नोडल ऑफिसर, डॉ रवि मांगलिया एमडी मेडिसिन द्वारा उपस्थित सभी लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंजलि डेविड, पूजा, सुनीता गुप्ता, नरेंद्र सेठिया, अमित द्वारा किया गया।

### सुशासन दिवस 25 को, होंगे विविध आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार की ओर से 25 दिसम्बर को राज्य सुशासन दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान विविध आयोजन होंगे जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए जिला, नगर निकाय, पंचायत समिति तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सुशासन दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर निर्देशित किया है। जिला कलक्टर पोसवाल ने बताया कि सुशासन दिवस पर जिला मुख्यालय एवं नगर निगम मुख्यालय का कार्यक्रम एक ही स्थल पर आयोजित किया जाएगा। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन होगा। कार्यक्रम में सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर सुशासन रैली-प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। सभी जनप्रतिनिधियों और कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही मुख्य जिला शिक्षाधिकारी के माध्यम से अटल विचार संगोष्ठी एवं अटल कविता पठन कार्यक्रम होगा। साथ ही 25 से 31 दिसम्बर तक स्वच्छता सप्ताह आयोजित किया जाएगा। पोसवाल ने बताया कि सभी नगरपालिका मुख्यालयों, पंचायत समिति मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत के अटल सेवा केंद्रों पर उपखंड अधिकारियों के पर्यवेक्षण में संबंधित अधिशाषी अधिकारी एवं संबंधित विकास अधिकारी के निर्देशन में कार्यक्रम होंगे।

### पेंशनर्स के लिए जीवित प्रमाण-पत्र जमा करवाने की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ाई

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य सरकार के आदेशानुसार पेंशनर्स के लिए जीवित प्रमाण-पत्र जमा करवाने एवं इसके अतिरिक्त सहायक कर्मचारी को छोड़कर सेवारत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से पोर्टल पर जीवित प्रमाण पत्र जारी करने की अवधि 31 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त निदेशक भारती राज ने बताया कि ऑनलाइन पेंशन पोर्टल, ई-मित्र, बायोमेट्रिक विधि से राजस्थान के विभिन्न कोषालयों व उपकोषालयों एवं पेंशन कार्यालय में राजपत्रित अधिकारी से हस्ताक्षरित करवाकर जीवित प्रमाण-पत्र जमा करा सकते हैं।

# वरड़ा में हुई विशेष कला कार्यशाला

**विद्यार्थी खुद को अपडेट रखें, जीके, स्केचिंग और सोशल मीडिया को भी दें समय**




**उदयपुर (पुकार)।** हर विद्यार्थी प्रतिदिन कक्षा शिक्षण के अतिरिक्त समय में जीके, स्केचिंग और सोशल मीडिया को भी थोड़ा-थोड़ा समय दें और अपने हुनर को निखारते हुए खुद को अपडेट करें वरना इस प्रतिस्पर्धा के युग में बहुत पीछे रह जाएंगे।

यह विचार विभिन्न वक्ताओं ने शिक्षा, कला और संस्कृति संरक्षण को समर्पित कश्ती फाउंडेशन के बैनर तले शहर के समीपस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरड़ा में आयोजित विशेष कार्यशाला व संवाद सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया ने बताया कि इस मौके पर चित्रकार राहुल माली ने विद्यार्थियों को स्केचिंग की बारीकियों और पोट्रेट बनाने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भीतर छिपी कला को उजागर करने व कला क्षेत्र में करियर बनाने का आह्वान किया। इस दौरान राहुल ने कई विद्यार्थियों के पोट्रेट भी बनाए। सृजनधर्मी शिक्षक हेमंत जोशी ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन एक समाचार पत्र को पढ़ने और सामान्य ज्ञान की नींव को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इसी प्रकार बतौर सोशल मीडिया एक्सपर्ट संदीप राठौड़ ने सोशल मीडिया के विविध आयामों के बारे में जानकारी दी और कहा कि आज सोशल मीडिया के सहारे व्यक्ति एक छोटे से गांव में रहकर भी संपूर्ण विश्व में पहुंच स्थापित कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को वीडियोग्राफी करने, सोशल मीडिया में अकाउंट बनाने और इसके शिक्षा में सकारात्मक उपयोग करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य इंद्रा शर्मा ने कश्ती फाउंडेशन के तत्वावधान में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों की भी सराहना की और इसे बच्चों के कैरियर निर्माण का अनोखा अवसर बताया। इस मौके पर सुनील कोठारी, संगीता चौधरी, भूमिका भावसार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# न्यायाधिपति गर्ग का किया स्वागत



**उदयपुर (पुकार)।** जोधपुर हाई कोर्ट के न्यायाधिपति मनोज गर्ग रविवार देर शाम को उदयपुर पहुंचे। जहां के के गुप्ता परिवार एवं अग्रवाल समाज के सभ्रांत नागरिक बंधुओं ने भव्य स्वागत सत्कार किया।

माननीय न्यायाधिपति मनोज गर्ग द्वारा समाज हित के लिए किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज संगठित होगा तो समाज की शक्ति बढ़ेगी तथा सभी अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि कोरोना काल में समाज द्वारा जनहित में ऐतिहासिक कार्य किया तथा कहा कि के के गुप्ता द्वारा स्वच्छ भारत मिशन पर जो अभियान चलाया जा रहा है वह हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है हम सभी को इस अभियान में श्री गुप्ता का सहयोग करना चाहिए। देश के माननीय प्रधानमंत्री जी और गृहमंत्री जी द्वारा एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर गुप्ता जी को सम्मान मिलना समाज की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

वही बताया कि देश में आमजन की औसतन मृत्यु 66 वर्ष में होती है जबकि कई देशों में यह 87 वर्ष औसतन है जो हमारे लिए सोचनीय है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी का स्वच्छ भारत मिशन ही इस घटी हुई उम्र को बढ़ा सकता है स्वच्छता में शुद्ध पर्यावरण एवं शुद्ध जल का समावेश होता है जिससे उम्र बढ़ती है तथा बढ़ती बिमारियां जो जानलेवा है उन पर अंकुश गंदगी खत्म करने से ही संभव है।

के के गुप्ता ने बताया कि देश व राज्य में स्वच्छता को लेकर माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं मुख्यमंत्री बहुत गंभीर है सरकारे आती है चली जाती है परन्तु देश में जो स्वच्छता अभियान चल रहा है उसमें लाखों लोगों की जान बचाई है और लाखो लोगो की उम्र भी बढ़ी है। माताओं, बहिनों को हर घर में शौचालय होने से न केवल ईज्जत अपितु बिमारियों से भी छुटकारा मिला है। देश में 141 करोड़ की आबादी होने से सरकार द्वारा हर घर शौचालय बनाने का निर्णय सुनने में छोटा लगता है परन्तु यह एक विशाल कार्य हुआ है लाखों लोगों को शहरों एवं गांवों में रोजगार मिला है जिसे हम कचरा कहते थे आज वह आय का स्त्रोत बना है। अच्छा पर्यावरण एवं शुद्ध जल भी हर घर को मिले इसे लेकर सरकार भ्रसक प्रयास कर रही है। आमजन में अवेरनेस आने लगी है।

गुप्ता ने कहा कि आज देश में करीब 7 करोड़ अग्रवाल ये निश्चय करले कि हमें देश स्वच्छ बनाना है तो समाज का नाम भी होगा और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का सपना भी साकार होगा। आज समाज को इस बात की चिंता करनी चाहिए कि समाज का इंटेलिजेंट युवा सीए, इंजीनियर, डाक्टर तो बन रहा है परन्तु आईएएस, आईपीएस, आरएएस, आरजेएस की तरफ ध्यान नहीं दे रहा हैं। राजस्थान में हुई न्यायिक मजिस्ट्रेट परीक्षा में 620 में से 222 का सलेक्शन होना तथा उसमें 150 लड़किया व 72 लड़कों का सलेक्शन हुआ है। अग्रवाल समाज के 19 बच्चों में से 17 लड़कियों का व मात्र दो लड़को सलेक्शन समाज के लिए चिंता का विषय है।

गुप्ता ने बताया कि नए बने न्यायिक अधिकारियों का शीघ्र ही उदयपुर में सम्मान समारोह रखा जाएगा, जिसमें माननीय न्यायाधिपति श्री मनोज गर्ग एवं अन्य न्यायाधिपति की उपस्थिति रहेगी। स्वागत कार्यक्रम में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, प्रवासी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एस के खेतान, वैष्णव समाज के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल रामचंद्र मित्तल, दीपक बंसल, बालमुकुंद पित्ती, जिला अग्रवाल युवा मंडल अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, संरक्षक डॉ नवनीत पित्ती, महामंत्री नलिन गुप्ता, गजेंद्र अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, विनय झुनझुनवाला, जगदीप मंगल, नंदलाल अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, सुशील मेड़तिया, ज्ञानेश्वर अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, समाज की महिला शक्ति में सुशीला गुप्ता, वीणा अग्रवाल, बबिता खेतान, आभा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, तरुणा गुप्ता, हर्षिका गुप्ता, लता अग्रवाल, अमिता भंडारी, नीलम, रिंकू, रमा, संतोष, आशा, ऋतु, अनिता, अभिलाषा, सुषमा, कामिनी सहित विशाल संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 को

**उदयपुर (पुकार)।** भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को मनाया जाएगा।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल के.एस.भाटी (से.नि.), उदयपुर ने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए सन् 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर होने वाले धन संग्रह का उपयोग युद्ध के समय हुई जनहानि में सहयोग, सेना में कार्यरत कार्मिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों एवं परिजनों के आर्थिक सहयोग एवं कल्याणार्थ किया जाता है। झण्डा दिवस पर समस्त निजी शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों, विभिन्न औद्योगिक समुहों, उद्योगपतियों, भामाशाहों एवं समस्त नागरिकों से निवेदन किया है कि उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग (दान) देकर सशस्त्र सेनाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता अभिव्यक्त कर सकते है। यह आर्थिक सहयोग (दान) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, उदयपुर के नाम चैक/डी0डी0 अथवा विभाग के क्यूआर कोड के माध्यम से भी किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि झण्डा दिवस हमें हमारी सशस्त्र सेनाओं के शौर्य, त्याग एवं बलिदान का स्मरण दिलाता है। हमारे देश की सेनाओं में वर्ष 1948,1962,1965,1971 एवं 1999 कारगिल युद्ध में विजय पताका लहराते हुए कई रणबाकुरें देश के लिए शहीद एवं युद्धों में घायल हुए। देश की सुरक्षा एवं अखण्डता का उत्तरदायित्व हमारी राष्ट्रीर्य सेनाओं पर है। हमारी सेनाओं ने प्राकृतिक आपदाओं में भी देश के विभिन्न हिस्सों में जनता को सहायता पहुंचाई है।

### उमेश दाधीच प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतीय दाहिमा दाधीच ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दाधीच ने उदयपुर दाधीच समाज के उमेश दाधीच को अखिल भारतीय दाहिमा दाधीच समाज का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। महर्षि दाधीच सेवा संस्थान उदयपुर के अध्यक्ष सुधीर जोशी ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आशा करते हैं कि उमेश दाधीच प्रदेश में समाज को संगठित व उन्नति की ओर ले जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर समाज के डॉक्टर दीपक व्यास, राधेश्याम दाधीच, संदीप दाधीच, कैलाश शर्मा, मनमोहन बहड, मनोहर शंकर दाधीच, कैलाश दाधीच, गजेंद्र राय मिश्र, सीताराम शर्मा, निर्मल व्यास, नीतू आचार्य, नीतू व्यास, डॉ नलिनी भट्ट सहित समाज जनों ने उन्हें शुभकामनाएं वह बधाई दी है।

## ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय सराड़ा एवं सेमारी का निरीक्षण



**उदयपुर (पुकार)।** आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, जयपुर के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव विनेश सिंघवी ने ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी कार्यालय सराडा एवं सेमारी का निरीक्षण कर विभागीय कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने निरीक्षण के दौरान ई-फाइल क्रियान्वयन, जन आधार योजना, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण, मुख्यमन्त्री ई-ग्राम परियोजना, आय-व्यय लेखे, विभागीय प्रकाशन, संस्था आधार एवं अन्य विभागीय कार्यो पर चर्चा की। साथ ही जन आधार पंजीयन, संशोधन सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सॉख्यिकीय डेटा के विश्लेषणात्मक परिणामों को संबंधित विभागों से साझा करने के लिए निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान आर्थिक एवं सांख्यिकी, विभाग उदयपुर के सहायक निदेशक डॉ पीयूष कुमार भंडारी भी उपस्थित रहे। ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सराडा प्रकाश लाल भट्ट, सांख्यिकी निरीक्षक भारती चतुर्वेदी, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सेमारी भगवान लाल पटेल एवं सांख्यिकी निरीक्षक कविता मीणा ने विभागीय कार्यो की प्रगति से अवगत करवाया।

### जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक 9 को

**उदयपुर (पुकार)।** मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई उदयपुर की त्रैमासिक बैठक 9 दिसम्बर को शाम 4.30 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में होगी। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि बैठक में बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड कार्यों की प्रगति, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी के प्रकरणों में की गई कार्रवाई, राजकीय एवं गैर राजकीय बाल गृहों के संचालन, बाल नशा मुक्ति सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

### सेंट एंथोनीज के प्रिंसराज सिंह लेंगे नेशनल मे भाग



**उदयपुर (पुकार)।** सेंट एंथोनीज के प्रिंस राज सिंह चौहान का रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 62वी नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए हुए रवाना हुए। कोच मयंक सोनी ने बताया कि 5 से 15 दिसंबर तक मैसूर मे होने वाली नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप मे अंडर-9 काड्स मे प्रिंसराज सिंह चौहान राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### राजस्थान सरकार ने स्वीकार किया फिल्म सिटी का सुझाव

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान के पर्यटन और सिनेमा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में फिल्म सिटी की स्थापना का सुझाव राजस्थान सरकार ने स्वीकार कर लिया है। दरअसल, राजस्थान में पर्यटन और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा राजस्थान पर्यटन इकाई नीति 2024 के ड्राफ्ट पर सुझाव आमंत्रित किए गए थे। इसी संदर्भ में उदयपुर में फिल्म सिटी हेतु प्रयासरत लाइन प्रोड्यूसर मुकेश माधवानी ने राजस्थान के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन नीति के ड्राफ्ट में प्रदेश में फिल्म सिटी की स्थापना का सुझाव पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### वास्कुलर एनास्टोमोसिस पर दो दिवसीय कार्यशाला 4 से

**उदयपुर (पुकार)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग की ओर से वास्कुलर और खून की धमनी को मरम्मत करना (एनास्टोमोसिस) पर दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन 4 एवं 5 दिसम्बर को किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों और सर्जनों को एनास्टोमोसिस की नवीनतम तकनीकों और उनकी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में लगभग 100 से ज्यादा सर्जन एवं सर्जरी में पीजी कर रहे विद्यार्थी भाग लेगें। आयोजन सचिव डॉ.गौरव सिंघल ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल,प्रिसिंडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.यू.एस.परिहार, सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एच.पी.गुप्ता एवं वास्कुलर सर्जन डॉ.गौरव सिंघल करेगें। डॉ. सिंघल ने बताया कार्यशाला में प्रतिभागियों को महाधमनी और आंतों पर व्यावहारिक अनुभव दिया जाएगा। कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रशिक्षक सर्जरी के दौरान खून की धमनी को मरम्मत करना (एनास्टोमोसिस) की प्रक्रियाओं, सही तकनीकों और संभावित जटिलताओं से निपटने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी देगें। यह कार्यशाला युवा सर्जनों के लिए बेहद लाभकारी होगी क्योंकि यह उन्हें न केवल सैद्धांतिक अनुभव के साथ साथ व्यावहारिक कौशल भी सिखाएगी,जो सर्जरी में मददगार साबित होगी।

### डिजिटल डिटॉक्स और आन्तरिक शांति आज की सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकता : दत्ता रोकड़े



**उदयपुर (पुकार)।** बीएन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में दत्ता रोकड़े जो ब्रह्मकुमारी संस्था, पुणे के अनुभवी पर्सनल एम्पावरमेंट कोच और कॉर्पोरेट फैसिलिटेटर ने आंतरिक शांति, अद्वितीय स्वास्थ्य और सुखमय सफलता कैसे प्राप्त करे के बारे में विद्यार्थियों को 'मेडिटेशन लैबोरेटरी' कार्यक्रम से बताया। दत्ता ने आंतरिक महानता और असीमित क्षमता को पहचानने और उसे साकार करने में भी बहुत सी राजयोग क्रियाओं के माध्यम से समझाया। दत्ता ने 'हीलिंग हाट्र्स - 90 डेज ऑफ सेल्फ-रिफ्लेक्शन' पुस्तक भी लिखी हैं, जो व्यक्तिगत विकास और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में एक प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान करती है। दत्ता रोकड़े ने डिजिटल डिटॉक्स, पॉजिटिव थिंकिंग, सेल्फ-अवेयरनेस, और इमोशनल इंटेलिजेंस जैसे विषयों को कवर किया और इस विशेष कैप्सूल सत्र में स्ट्रेस मैनेजमेंट, गोल सेटिंग, क्रिएटिव थिंकिंग, और वर्क-लाइफ बैलेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सबको महत्त्वपूर्ण जानकारीयाँ प्रदान की और विद्यार्थियों से आव्हान किया के जीवन मे सकारात्मकता अपनाये जिससे जीवन में एक ऊर्जावान, व्यक्तिगत और गहन अनुभव होता है जो लोगों को आत्म-साक्षात्कार की ओर प्रेरित करता है। दत्ता रोकड़े का मंच पर प्राचार्य डॉ युवराज सिंह सारंगदेवोत और डॉ एम ऐस राणावत ने स्वागत किया और मंच का संचालन डॉ कमल सिंह राठौड़ ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों के साथ गीतांजली फार्मेसी के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह राठौड़, उदयपुर ब्रह्मकुमारी से इंजीनियर विक्रम, डॉ जय सिंह वाघेला, डॉ डॉ प्रदीप गोयल, डॉ भक्त राज सिंह चौहान, डॉ ऋषि माहेश्वरी, डॉ वनशिका आदि उपस्थित थे। अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया।

### राइजिंग राजस्थान – 2024 : सलूम्बर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट 4 को

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य में नवीन निवेश प्रोत्साहन एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आयोजित हो रहे राइजिंग राजस्थान समिट 2024 के तहत सलूम्बर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन सलूम्बर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में 4 दिसम्बर को लवकुश शिक्षण संस्थान, सलूम्बर में होगा।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त समिट में उद्यम (उद्योग, कृषि, मेडिकल, ट्यूरिज्म, होटल/रिर्सोट, शिक्षण संस्थान, कॉमर्शियल संस्थान, खनन, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट आदि) स्थापित करने की इच्छुक इकाईयों/भावी निवेशकों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। जिन उद्यमियों के साथ एमओयू किए जाएंगे, उन्हें संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर हैण्ड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि सलूम्बर जिले के लिए राज्य स्तर पर लगभग 305 करोड़ रूपए तथा जिला स्तर पर 40.27 करोड़ रूपए के निवेश प्रस्तावित विभिन्न सेक्टर में प्राप्त हुए हैं।

सलूम्बर जिले में निवेश के लिए इच्छुक उद्यमी/इकाई/भावी निवेषक/वर्तमान निवेषक/उद्यमी जो विस्तार करना चाहते है वे जिले में निवेष हेतु प्रस्ताव जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, उदयपुर कार्यालय को ईमेलअथवा व्यक्तिशः प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, उदयपुर एवं उदयपुर रीको कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### सामाजिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**उदयपुर (पुकार)।** तलेसरा विकास संस्था उदयपुर एवं मोदीकेयर इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को उदियापोल स्थित होटल गोरबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। तलेसरा विकास संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र तलेसरा ने बताया कि इस कार्यशाला में जयपुर से आमंत्रित विशेषज्ञ शुभ्रचंद्रा ने सहभागियों को बताया कि दिनचर्या और खानपान में सकारात्मक परिवर्तन कर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए, जिनकी रिपोर्ट तत्काल प्रदान की गई। श्रीचंद्र ने प्रत्येक प्रतिभागी का स्वास्थ्य विश्लेषण कर उन्हें आवश्यक सुधारों की सलाह दी। तलेसरा विकास संस्था के संयोजक प्रकाश चंद्र तलेसरा ने बताया कि यह कार्यशाला समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस अवसर पर मीना-महेन्द्र तलेसरा, नीना मेहता, मीनाक्षी पंड्या, यह्या-सईदा भोजिया, हंसा-प्रमोद जोशी, जयश्री-सुशील भट्ट, नानाराम, और लोह्यह्यकेश पारिख ने विशेष योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यशाला में सहभागियों ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं और इसे अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा ली।

### सिंगापुर एग्रो फूड टेक एक्सपो में सस्टेनेबिलिटी चैंपियन बना उदयपुर का स्टार्टअप

**उदयपुर (पुकार)।** सिंगापुर में आयोजित एग्रो फूड टेक एक्सपो 2024 में दुनियाभर से फूड सेक्टर से जुड़े तकनीकी स्टार्टअप और ब्रांड्स ने हिस्सा लिया। उदयपुर के एग्री स्टार्टअप ईएफ पॉलीमर की टीम भी एक्सपो में शामिल हुई। ईफ पॉलीमर की अद्भुत जैविक खोज बायोडिग्रेडेबल सॉइल मॉइश्चराइजर 'फसल अमृत' ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ईएफ पॉलीमर को सस्टेनेबिलिटी चैंपियन के खिताब से नवाजा गया। जतिन जैन और क्योजी नाकाओ के नेतृत्व में टीम ने एक्सपो में प्रतिनिधित्व किया। स्टार्ट अप के इनोवेटिव प्रयासों ने न केवल सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में नई संभावनाओं को जन्म दिया, बल्कि कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत की। उनकी तकनीक पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संसाधनों के कुशल प्रबंधन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

### लघु पुस्तिका में ओम बन्ना को नमन



**उदयपुर (पुकार)।** शहर के ख्यातनाम शिल्पकार चंद्र प्रकाश चित्तौड़ा ने लोक देवता ओम बन्ना की पुण्यतिथि पर लघु पुस्तिका बनाकर नमन किया है। कलाकार चित्तौड़ा ने इस पुस्तिका में जन-जन की आस्था के प्रतीक ओम बन्ना की जीवनी एवं उनके जीवन से जुड़ी बातों का चित्रण किया है।

# स्टूडियो सार ने जीता भारत का पहला डिजीन आर्किटेक्चर अवार्ड



**उदयपुर (पुकार)।** मल्टी-नेशनल कंपनी सिक्योर के सहायक वेंचर स्टूडियो सार को आर्किटेक्चर से जुड़े काम को विश्व पटल पर बड़ी पहचान मिली है। वास्तुकला की दुनिया में विश्व-विख्यात डिजीन की तरफ से साल 2024 के लिए 'इमर्जिंग आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर' का अवार्ड स्टूडियो सार को दिया गया। इमारतों के निर्माण के लिए स्टूडियो सार के तरीकों को विश्व-पटल पर सराहा गया है। आर्किटेक्चर कैटेगरी में डिजीन की तरफ से पहली बार किसी भारतीय कंपनी को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। स्टूडियो सार का काम उदयपुर के साथ-साथ इंग्लैंड से भी संचालित होता है।

पहली बार किसी भी भारतीय वेंचर को मिले इस पुरस्कार का चयन खास तरीके से हुआ। बीते एक साल में डिजीन द्वारा स्टूडियो सार के वास्तुकला कार्यों को ध्यान से देखा गया। जिसमें उदयपुर में कला, विज्ञान और मनोरंजन के अनूठे थीम सेंटर 'थर्ड स्पेस' का निर्माण स्टूडियो सार ने ही किया है। साथ ही इसी वर्ष लंदन में आयोजित हुए फ़ेस्टिवल ऑफ़ आर्किटेक्चर में 'रीथिंकिंग होम- एडॉप्ट एंड रीयूज़' विषय पर स्टूडियो सार की क्राफ्ट, कम्यूनिटी और कनेक्शन से जुड़ी प्रदर्शनी शामिल रही। जिसमें बताया गया कि कैसे इग्लैंड के टॉउंटन जैसे कस्बे में बेकार पड़े एक डिपार्टमेंट स्टोर का कायाकल्प किया जा सकता है। इसे हमने उदाहरण से समझाया कि इग्लैंड के तमाम कस्बों, शहरों में उन खाली पुराने डिपार्टमेंट स्टोर को एकसाथ घरों के साथ-साथ एक बेहतरीन कम्यूनिटी सेंटर तक में बदला जा सकता है। ऐसा करने से ना सिर्फ लोगों के लिए आवास की दिक्कत कम होगी बल्कि अर्थव्यस्था में भी सहायता मिलेगी। ये एक हब की तरह होंगे जिन्हें उन पुराने लेकिन बेहद टिकाऊ तरीकों से निर्मित किया जाए। बीते नवंबर में स्टूडियो सार ने इंटरनेशनल ट्रेड शो डिज़ाइन मुंबई के उद्घाटन में चौपाल सिद्धांत से प्रेरित होकर मॉड्यूलर पवेलियन श्रीवन को भी डिज़ाइन किया।

इस पुरस्कार का चयन करने वाली ज्यूरी के सामने इंग्लैंड, जापान, चीन और भारत सहित 6 देशों के आर्किटेक्चरल स्टूडियोज़ शॉर्टलिस्टेड थे। ऐसे में भारत को जीत दिलवाते हुए स्टूडियो सार का चयन होना एक बड़ी उपलब्धि है। डिजीन के जजों ने स्टूडियो सार पर अपनी बात रखते हुए कहा ÷उमंगों से भरपूर यह युवा कंपनी (स्टूडियो) काम के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय बेहतरी को अपने तरीकों को मुख्य हिस्सा मानती है। ऐसे सिद्धांतों पर काम करते हुए स्टूडियो ने कई विविध प्रकार की प्रभावशाली परियोजनाएं पेश की हैं। इतने कम समय में इतना बेजोड़ काम करना बहुत बड़ी बात है।

स्टूडियो सार के मैनेजिंग पार्टनर और सिक्योर के ज्वांइट मैनेजिंग डायरेक्टर अनन्य सिंघल ने इस उपलब्धि पर अपनी बात रखते हुए कहा, डिजीन से साल 2024 का इमर्जिंग आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय प्रैक्टिस बनकर हम सम्मानित और वास्तव में विनम्र महसूस कर रहे हैं। हम इसे भारत और विदेशों में भारतीय वास्तुकारों, डिजाइनर्स और शिल्पकारों द्वारा किए जा रहे काम को बड़ी मान्यता के रूप में भी देखते हैं। निर्माण की वैश्विक प्रणालियों में विकसित देशों में अब भारतीय वास्तुकला के गौरवशाली इतिहास और परंपराओं के कामों को शामिल किया जा रहा है। हम भारतीय अपने कार्यों सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए दुनिया को बहुत कुछ देने की क्षमता रखते है।

बदलाव के इस दौर में स्टूडियो सार के लिए यह पुरस्कार हमारी वास्तुकला की शक्ति को दिखाता है और हमारी टीम की काम के प्रति प्रतिबद्धता को पक्का करता है।

स्टूडियो सार के क्रिएटिव डायरेक्टर जॉनी बकलैंड का कहना है, वाकई यह साल हमारे लिए असाधारण रहा है। यह जीत पिछले वर्ष में हमारी टीम की कड़ी मेहनत को प्रमाणित करती है और आर्किटेक्चर में कम्यूनिटी को ध्यान में रखकर किए गए काम में स्टूडियो सार के तौर-तरीकों को सही साबित भी करती है। स्टूडियो सार राजस्थान और समरसेट, इंग्लैंड में हमारे स्थानीय समुदायों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय, पर्यावरणीय और सामाजिक रूप से टिकाऊ वास्तुकला की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए लोगों के जिंदगी और आजीविका को समृद्ध करता है।

#### स्टूडियो सार के बारे में

स्टूडियो सार की स्थापना जॉनी बकलैंड और अनन्य सिंघल ने एक दशक से ज्यादा आपसी वैचारिक सहयोग के बाद साल 2019 में की थी। कंपनी (स्टूडियो) का उद्देश्य आर्किटेक्चर प्रणाली के जरिए समाज में इमारत निर्माण में स्थायी समाधान बनाना है। स्टूडियो सार की महत्वाकांक्षाओं में उभरते नए विचारों, पद्धतियों और टेक्नोलोजी के सांस्कृतिक साझा विरासत शामिल है। उदयपुर के साथ-साथ इग्लैंड के समरसेट से भी स्टूडियो सार काम किया जाता है। स्टूडियो सार के जरिए ऐसे आर्किटेक्चर को बढ़ावा दिया जाए जिसमें किसी भी निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों, संस्कृति और तरीकों को महत्व मिले। कंपनी (स्टूडियो) का दृष्टिकोण विभिन्न प्रकारों में नवीन, प्रासंगिक और सुंदर डिजाइन समाधान देने के लिए वर्तमान नजर से देखकर स्थानीय परंपराओं को प्राथमिकता देना है।

स्टूडियो सार द्वारा किए गए प्रमुख प्रोजेक्ट्स में उदयपुर में थर्ड स्पेस का निर्माण, जो कि एक शैक्षणिक, सांस्कृतिक, और वैज्ञानिकता का संगम केंद्र है। साथ ही उदयपुर में ही उड़ान पार्क का पुनर्विकास, अहमदाबाद के साणंद में सिक्योर की फैक्ट्री और विशेष कैंटीन और भारत के साथ-साथ इंग्लैंड में कई प्रोजक्ट्स को संचालित किया जाता है।

# विद्यापीठ शिक्षा और शोध में सर्वश्रेष्ठ डीम्ड विश्वविद्यालय से सम्मानित



**उदयपुर (पुकार)।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय) ने आईआईआरएफ इम्पैक्ट अवाड्र्स 2025 में 'शिक्षा और शोध में सर्वश्रेष्ठ डीम्ड विश्वविद्यालय' पुरस्कार से सम्मानित होकर अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक और प्रतिष्ठित उपलब्धि जोड़ ली है। यह सम्मान विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक उत्कृष्टता और शोध में दिए गए असाधारण योगदान को व इसे भारत में उच्च शिक्षा में अग्रणी के रूप में मान्यता देता है।

यह पुरस्कार उदयपुर में विश्वविद्यालय के प्रताप नगर परिसर में भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) के एक प्रतिनिधि शिव शंकर शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत, कुलपति, और बी.एल. कुल प्रमुख ने विश्वविद्यालय की ओर से यह सम्मान प्राप्त किया।

प्रो. सारंगदेवोत ने इस सम्मान के लिए आईआईआरएफ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान हमारे संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के अथक सफल प्रयासों का प्रमाण है। यह विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। राजस्थान विद्यापीठ में, हम परंपरागत शिक्षा को आधुनिकता के साथ मिलाने का प्रयास करते हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे शैक्षणिक और शोध प्रयास समाज में सार्थक योगदान दें।

बी.एल. गुर्जर ने विश्वविद्यालय की समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी स्थापना के बाद से राजस्थान विद्यापीठ समग्र शिक्षा और परिवर्तनकारी शोध के प्रति समर्पित रहा है। यह सम्मान ज्ञान, नवाचार और सामाजिक विकास को उत्तम बनाने के हमारे स्थायी मिशन का प्रतिबिंब है।

कार्य के समन्वयक डॉ. चंद्रेश छ्तलानी ने बताया कि आईआईआरएफ इम्पैक्ट अवाड्र्स अपनी कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए जाने जाते हैं, जो शैक्षणिक मानकों, शोध आउटपुट, इंडस्ट्री सहयोग और सामाजिक प्रभाव में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले संस्थानों को प्रदान किए जाते हैं। राजस्थान विद्यापीठ की उत्कृष्ट शोध, सशक्त शैक्षणिक कार्यक्रम और प्रभावशाली सामुदायिक जुड़ाव की परियोजनाएं इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण कारक बनीं।

कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. यज्ञ आमेटा, निजी सचिव कृष्णकांत नाहर, जितेन्द्र सिंह चौहान, विकास डांगी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जमीन को दोबारा बेच कर 5 लाख हड़पने का मामला दर्ज

**उदयपुर।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में पूर्व में बेची गई जमीन को दोबारा बेच पांच लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रतनलाल पुत्र कैलाश चंद्र गर्ग निवासी मीरा नगर रेबारियों का गुड़ा ने पुष्करलाल पुत्र दौलतराम डांगी निवासी मनवाखेड़ा के खिलाफ रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी सह खातेदारी कृषि भूमि नामरी डबोक में है। उसने इस जमीन को बेचने के लिए उससे संपर्क किया और पांच लाख रुपए लिए। आरोपी ने 29 अप्रेल 2024 तक भूमि की रजिस्ट्री करवाने का आश्वासन दिया, लेकिन अब टाल मटोल कर रहा है। बाद में खाते की नकल निकलवाई तो पता चला कि आरोपी ने इसी जमीन को 20 दिसंबर 2022 को सुनिता पत्नी सुरेश पालीवाल निवासी शास्त्री सर्कल को विक्रय कर रखी थी, किन्तु सुनिता पालीवाल द्वारा नामान्तरण नहीं करवाने से आरोपी ने उससे राशि हड़पने की मंशा से यह धोखाधड़ी की।

## कनबई में छतरी शिव मेला आज से

**खेरवाड़ा।** कनबई में पूर्वजों द्वारा स्थापित छतरी शिव मेला 3 से 5 दिसंबर को धूमधाम के साथ गांव के प्रसिद्ध छतरी चौराहे पर मनाया जाएगा। इसमें आसपास की कनबई, पादर, जायरा, खेड़ा घाटी, बलीचा, पाटिया, देमत, गुड़ा, झंझरी, भोमटावाडा, डबायचा, मालीफला, महुआल, सरेरा, सकलाल, छानी, चित्तौड़ा, नयागांव सहित आसपास की लगभग 25 पंचायतो से ग्रामीण यहां खरीदारी करने आते हैं।

ग्राम पंचायत कनबई के सरपंच साकरचंद गमेती, उपसरपंच लालाराम गमेती एवं पूर्व उपसरपंच धूलेश्वर वसोहर ने बताया कि यहां गांव के आसपास के क्षेत्र के साथ ही राजस्थान सहित गुजरात, मध्य प्रदेश से भी व्यापारी आते हैं। मेले में प्रमुख रूप से ऊनी कपड़े, मोजे, मनिहारी का सामान, बच्चों के खिलौने, बर्तन, खेती में काम आने वाला लोहे का समान, नमकीन, पान, मिट्टी के बर्तन, साथ ही गन्नो के रस एवं गन्नो की भारी बिक्री होती है।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में दो गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** सविना थाना पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी अजयसिंह राव ने बताया कि गत 24 अक्टूबर को मोहनलाल रेगर पुत्र प्रताप निवासी जाशमा ने रिपोर्ट दी थी कि उसे आवश्यक कार्य से बैंक ऋण की आवश्यकता थी। इसके लिए भूपालसागर निवासी गोविंद पाराशर के मार्फत उसकी मुलाकात राजेन्द्र सिंह से हुई। उसने आधारकार्ड, पैन कार्ड, वेतन पर्ची व अन्य दस्तावेज मांगे तो उसने दे दिए। पत्नी के नाम से संयुक्त फार्म भरवाया और बताया कि चार लाख का लोन स्वीकृत हो गया, लेकिन लोन राशि ट्रांसफर नहीं हो पाई। इसके बाद और लोन करवाने के नाम पर राजेन्द्रसिंह ने युवराज सिंह के साथ मिलकर 13 लाख 75000 के लोन फाइल के एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करवाए एवं एसबीआई बैंक के खाता के तीन चेक लेकर कुल दस चैक ले लिए। उसके चेक को संदीप सांखला ने खाते से 4 लाख रुपए निकाल लिए।



इस मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार पुत्र सुरेशचन्द्र सांखला निवासी गांधीनगर चितौड़गढ़ व देवराजसिंह उर्फ राजेन्द्र सिंह उर्फ देवेन्द्र पुत्र प्रेम सिह सांखला निवासी कानोड़ को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

## 101.11 ग्राम अफीम दूध, डेढ़ लाख रुपए के साथ दो तस्कर व खरीदार गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने अवैध रूप से 101.11 ग्राम अफीम दूध परिवहन करने में दो आरोपी और अफीम दूध खरीदने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपियों से डेढ़ लाख रूपए बरामद किए है।

थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सूचना मिली कि तीन युवक अफीम दूध लेकर आ रहे है। इस सूचना पर थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने नाकाबंदी की। इस दौरान पुलिस टीम ने दुर्गाशंकर पुत्र भंवर अहीर, श्याम लाल पुत्र वगदीराम भांगी निवासी ब्रह्मपुरी मोहल्ला मंगलवाड को गिरफ्तार कर इनके पास से 101.11 ग्राम अफीम दूध व 1.50 लाख रुपए नकद बरामद किए। साथ ही पुलिस ने अफीम दूध खरीदने में आरोपी सुरेश शर्मा पुत्र धनराज शर्मा निवासी पुरानी बैंक गली कानपुर प्रतापनगर कानपुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## देसी हथकढ़ शराब जब्त

**खेरवाड़ा (पुकार)।** बावलवाड़ा थाना क्षेत्र में सहायक उप निरीक्षक हाजू राम ने गश्त के दौरान दो स्थानों पर अवैध रूप से ले जाई जा रही कुल 12 लीटर देसी हथकढी शराब बरामद की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नरेश कुमार पुत्र शंकर लाल मीणा निवासी दामा तालाब सागवाड़ा जरीकेन में देशी शराब ले जा रहा था। पुलिस जाब्ता देकर जरीकेन को सड़क पर छोड़कर भाग गया। साथ ही नवलराम पुत्र नाना डामोर निवासी अकोट हिंका भी जरीकेन में अवैध रूप से बनी हथकढ़ शराब परिवहन कर रहा था। पुलिस जाब्ता को देखकर शराब से भरा जरीकेन को सड़क पर छोड़कर पास ही जंगल के रस्ते भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर आबकारी अधिनियम में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए। पुलिस मामले की अग्रिम जांच कर रही हैं।

# उदयपुर सलूंबर मेगा हाईवे पर वाहनों पर पथराव के चार आरोपी गिरफ्तार



**सलूंबर (पुकार)।** जिले के जावर माइंस थाना क्षेत्र के उदयपुर सलूंबर मेगा हाइवे पर रविवार रात को ओड़ा के राउमावि के सामने सड़क पर आने-जाने वाली दर्जनों गाड़ियों पर पत्थर मारने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी पवन सिंह ने बताया कि रविवार रात करीब 7 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि उदयपुर बांसवाड़ा स्टेट हाइवे पर ओड़ा के समीप सड़क पर आने जाने वाले वाहन चालक से अज्ञात बदमाश शराब के लिए रुपए मांग रहे हैं और रोड पर आने जाने वाली गाड़ियों को रोककर पत्थर मार रहे हैं। इस पर केवड़ा चौकी प्रभारी भागीरथ मौके पर पहुंचे जहां ओड़ा के पास रोड पर गाड़ियों का जाम लगा हुआ था। यहां सड़क के किनारे दो लोग अंधेरे में वाहनों को पत्थर मार रहे थे। सड़क पर जा रहे वाहनों की लाइट से कांस्टेबल रोशन लाल ने पत्थर मारने वाले की पहचान की जिसमें एक का नाम कैलाश पुत्र खुमा मीणा व दूसरे का नाम भावेश पुत्र हीरालाल मीणा निवासी ओड़ा था।

पुलिस द्वारा पीछा करने पर पत्थर बाज पहाड़ी की ओर भाग गए। राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक सलूंबर के निर्देशन में जावर माइंस पुलिस ने एक टीम गठित कर अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू की। मुखबिर से पता चला कि तीन-चार लड़के हैं, जो कुछ दिन से स्टेट हाइवे पर आए दिन राहगीरों से शराब पीने के लिए पैसे मांगते हैं तथा पत्थर मार रहे हैं। इस मामले में संदिग्ध भेरूलाल पुत्र लक्ष्मण निवासी ओड़ा, कैलाश पुत्र खुमा मीणा निवासी ओड़ा, भूपेंद्र पुत्र कैलाश मीणा निवासी ओड़ा, गणपत लाल मीणा पुत्र बाबूलाल निवासी रेला थाना जावर माइंस को डिटेन कर पूछताछ की, जिन्होंने वारदात को कबूल किया। पुलिस के स्टेट हाइवे का मामला होने से पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटे में मामला का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**मौज शौक करने के लिए करते थे वारदात**

पुलिस पूछताछ में बताया कि पिछले काफी समय से घर पर बेरोजगार घूम रहे थे। मोबाइल वह मौज शौक के लिए रुपए नहीं थे। अपने मौज शौक पूरे करने के लिए दिन में इधर-उधर सुनसान मकान व दुकानों की रेकी करते वह रात के समय में मौका देखकर सड़क पर वाहन चालकों से शराब पीने के लिए रुपए मांगते रुपए नहीं देने पर राहगीरों वह वाहनों पर पत्थर मारने की वारदात करते थे।

कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण मीणा, नारायण लाल, भागीरथ, हैडकांस्टेबल बाबूलाल, श्यामलाल, कांस्टेबल राजकुमार, रक्षपाल, रविंद्र पाल सिंह, महेंद्र कुमार, भंवरलाल, रोशन लाल, दिनेश कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## सूने मकान से नकदी व जेवरातों पर हाथ साफ

**उदयपुर (पुकार)।** सविना थाना क्षेत्र में सूने मकान में घुसकर बदमाशों ने नकदी व जेवरातों पर हाथ साफ कर लिया। इस दौरान बदमाशों ने दो तिजारियों को भी तहस-नहस कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार ध्रुव पुत्र रविन्द्र शर्मा निवासी सेक्टर 14 ने रिपोर्ट दी कि 27 नवंबर की रात करीब पौने बारह बजे दो बदमाश उसके घर में घुसे और 40 हजार रुपए, 3 चांदी की पायल और 4 सोने की अंगूठी चुरा ले गए। इस दौरान उन्होंने करीब आधा घंटा वहां बिताए और दो तिजोरी तोड़ पूरा घर तहस-नहस कर दिया। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## ट्रॉले के अचानक ब्रेक लगाने से बाइक अंदर घुसी, एक की मौत

**खेरवाड़ा (पुकार)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे के करीब पंचोली हॉस्पिटल के सामने हाइवे पर अहमदाबाद से उदयपुर की ओर जा रहे ट्रोले के अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे चल रही बाइक अनियंत्रित होकर अंदर घुस गई और बाइक पर बैठे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

बताया गया कि बाइक सवार बिछीवाड़ा से उदयपुर की ओर जा रहे थे। एंबुलेंस को कॉल करने पर एंबुलेंस द्वारा डूंगरपुर इलाज के लिए भेजा गया। पुलिस थाना खेरवाड़ा में सूचना मिलने पर सहायक उप निरीक्षक प्रभु लाल मय जाब्ता दुर्घटना स्थल पर पहुंचे तब तक तीनों घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से डूंगरपुर भेजा जा चुका था। पुलिस द्वारा ट्रोले को अपने कब्जे में लिया। बताया गया कि हादसे में घायल बाइक सवार महेंद्र पुत्र रमेश की डूंगरपुर जनरल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि राहुल और अरविंद का इलाज जारी है।

## वल्लभनगर में अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू

**वल्लभनगर।** वल्लभनगर नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाते हेतु नगरपालिका द्वारा गठित कमेटी सदस्यो द्वारा सोमवार को मार्किंग की गई। वल्लभनगर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुनील चौहान ने बताया कि 10 दिन पूर्व क्षेत्र में आम सूचना जारी कर कस्बे के कुल्मियों का चौराहा, डांगीयो का चौराहा, पिपली चोक, सदर बाजार, कबुतर चोक, सब्जी मंडी, माताजी वाली गली, दशहरा चोक, बाई पास सड़क, तहसील सड़क, बाई पास चोराहा, भोपालपूरा चोराहा पर अतिक्रमियों द्वारा कर रखे अवैध अतिक्रमण को हटाने की सूचना दी गई थी। इसमें दिया गया नोटिस पीरियड पूर्ण होने पर क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों द्वारा कमेटी बनाकर सोमवार से कस्बे में हो रहे अतिक्रमण को चिह्नित करने का कार्य शुरू हो चुका है। वही कमेटी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर जेसीबी से अतिक्रमण हटाएगी। इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन दुर्गा देवी गुर्जर, वार्डपंच आशा आमेटा, लीला देवी, अमर चंद खटीक, गंगा देवी लोहार, महेश दया, लोकेश परिहार, वरिष्ठ सहायक नगरपालिका वल्लभनगर सज्जन सिंह, सहायक कैलाश विजयवर्गीय सफाई कर्मी पुष्कर हरिजन, राजू हरिजन सहित वल्लभनगर पुलिस हैड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, कांस्टेबल बाबूलाल डांगी व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## ग्लेशियर संकट

हम केदारनाथ संकट के उन भयावह परिणामों को नहीं भूल सकते, जब हिमनद पिघलने से बनी झील के टूटने से तबाही का मंजर पैदा हुआ था। लेकिन ग्लोबल वार्मिंग के संकट के चलते ग्लेशियर पिघलने से हिमालयी क्षेत्रों में कई कृत्रिम झीलें बन रही हैं। इस बाबत केंद्रीय जल आयोग की हालिया रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। जिसका संज्ञान लेते राष्ट्रीय हरित पंचाट ने केंद्र सरकार को सचेत करते हुए इस बाबत आवश्यक कदम उठाने को कहा है। जिससे भविष्य में किसी आपदा की आशंका को टाला जा सके। यदि समय रहते सरकार आवश्यक कदम उठाती है तो हिमनदों को संरक्षण की कोशिशें तेज की जा सकती हैं। साथ ही जरूरी है कि झीलों के टूटने की स्थिति में नदियों में अधिक जल प्रवाह के प्रबंधन की रणनीति पर भी विचार किया जाए। यह एक टकसाली सत्य है जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। मानसून के दौरान बारिश के पैटर्न में आए बदलाव ने बड़े पैमाने पर भूस्खलन को अंजाम दिया है। दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग के चलते तेज बारिश कम समय में ही बरस जाती है। साथ ही बादल फटने की घटनाओं में खासी तेजी आई है। कमोबेश यही स्थिति ग्लेशियरों के पिघलने में आई तेजी में नजर आती है। दरअसल, जलवायु संकट के घातक प्रभाव सारी दुनिया में नजर आ रहे हैं। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं सूखे की स्थिति है। हिमनदों के पिघलने से न केवल समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है, बल्कि उसके तापमान में भी बदलाव देखा जा रहा है। वहीं चक्रवाती तूफान अमेरिका से लेकर एशियाई देशों में कहर बरपा रहे हैं।

कुल मिलाकर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से मानवता के अस्तित्व पर संकट की आहट महसूस हो रही है। लेकिन हिमालयी क्षेत्रों में हिमनदों के पिघलने से कृत्रिम झीलों का आकार बढ़ना एक खतरे की घंटी जैसा है। जिससे न केवल गंगा बल्कि ब्रह्मपुत्र जैसी बड़ी नदियों के जल प्रवाह में अप्रत्याशित बदलाव की आशंका बलवती हो रही है। जिससे न केवल जल के स्तर में अप्रत्याशित बदलाव होंगे, बल्कि जैव विविधता के लिये भी खतरा पैदा हो जाएगा। यदि झीलों के फटने से नदियों में बाढ़ की स्थिति बनती है तो निचले इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों के जीवन के लिये खतरा पैदा हो सकता। बताया जाता है कि देश में करीब 67 ऐसी झीलों को चिन्हित किया गया है, जिनके क्षेत्रफल में चालीस फीसदी तक की वृद्धि हुई है। जिससे उत्तराखंड, लद्दाख व हिमाचल के कुछ इलाके प्रभावित हो सकते हैं। जो जरूरत बताता है कि समय रहते पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की जाए। साथ ही आपदा प्रबंधन के लिये जरूरी कदम भी उठाये जाएं। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय हरित पंचाट की सिफारिशों पर गंभीरता से विचार करेगी। जिससे हिमनदों के संरक्षण व नदियों के जल प्रवाह के नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। साथ ही हमें देश में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने तथा प्रकृति के अनुरूप विकास योजनाएं बनाने की जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें...

### डॉ. लीना जैन ने लिया नॉर्थ ईस्ट जोन की कॉन्फ्रेंस में भाग



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा नॉर्थ ईस्ट जोन की डॉक्टर्स कॉन्फ्रेंस में भीलवाड़ा से एमजीएच नाक कान गला रोग विभागाध्यक्ष डॉ.लीना जैन ने गेस्ट फैकल्टी के रूप में भाग लिया। डॉ. लीना ने बतौर सर्जन खुद को कैसे निखारे व सीमित संसाधनों में कैसे अपनी शल्य चिकित्सा को परिपक्व कर सकें इस पर विचार साझा किए। मरीजों के हित में बिना बेहोशी के नाक, गले व लार ग्रंथि की नली की पथरी के ऑपरेशन किए जा सकते है, इसके बारे में बताया जोहों, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मेडिकल सेक्टर में उपयोगिता पर सभी का ध्यान केंद्रित किया जिसकी सभी ने काफी सराहना की। कांफ्रेंस में पूरे देश से मशहूर महिला ईएनटी सर्जन सम्मिलित हुए और नई नई खोज विकसित करने की दिशा में कदम उठाए ,सभी ने शल्य चिकित्सा को कैसे आसान बनाया जा सके पर चर्चा की। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने से यहां की फैकल्टी को कई ऐसे मौके मिल रहे हैं जिससे भीलवाड़ा का नाम पूरे देश में रोशन हो रहा है।

### सुदिवा स्पिनर्स को पांचवी बार मिला बेस्ट एम्प्लॉयर अवार्ड

**भीलवाड़ा।** सुदिवा स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड सरेरी को एम्प्लॉयर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा बेस्ट एम्प्लॉयर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया अवार्ड समारोह, एसोसिएशन के हीरक जयंती कार्यक्रम में दिया गया। अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, राज्य उद्योग मंत्री के.के.विश्नोई की गरिमामयी उपस्थिति में दिया गया। संस्थान लगातार नवाचार के साथ साथ नई तकनीकी को संस्थान मे जल्दी से लागू करने मे सजग रहती है और निरंतर कामगारों हित मे नई नई योजनाओ के साथ साथ उनकी आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए भी ध्यान रखती है। तथा लगातार हेल्थ कैंप का आयोजन भी होता रहता है। संस्थान विगत कई वर्षो से सुरक्षा ऑडिट, सोशल ऑडिट करवाती रही है और आई.एस.ओ., क्यू.एम.एस., एस.ए. 8000 जैसे सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर चुकी हैं। संस्थान रोजगार देने मे भी लगातार कार्य करती है और अभी हाल ही मे राइजिंग राजस्थान के तहत 525 करोड़ के प्रोजेक्ट का एमओयू किया है जिसको संस्थान जल्द ही धरातल पर उतारेगी। अवार्ड प्राप्त करने के लिए संस्थान से प्रतिनिधि अक्षय जैन, पुष्पेन्द्र जैन, निर्मल काबरा मौजूद रहे।

### 120 जनों की ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच

**भीलवाड़ा।** तिलक नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा एवं एलीट डायग्नोस्टिक के सौजन्य से निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 120 जनों की ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गई। शिविर को सफल बनाने मे अध्यक्ष राजेन्द्र जागेटिया के साथ ही सुनील सोमानी, जगदीश सोनी, श्रवण मूंदड़ा, मनोहर झंवर, लोकेश नामधरानी, अनिल सोमानी, दिनेश तोषनीवाल, श्याम बांगड़, मुरली काकाणी, सत्यनारायण मूंदड़ा, प्रीतम बाहेती, पंकज बांगड़, ओम काबरा, धर्मेंद्र बसेर, अमरचंद बांगड़, रोहित बसेर, महेश नकलक, शंकर लाल काष्ट, मुकेश बसेर, सहित कई समाजजनों ने सहयोग किया।

# कालियास उपासरे को बचाने के लिए जैन समाज का प्रदर्शन, धर्मस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करें प्रशासन

## कालियास के साथ भीलवाड़ा जैन समाज ने की जिला कलेक्टर से धर्मस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग, सौपा ज्ञापन





**भीलवाड़ा (पुकार)** । जिले के आसीन्द क्षेत्र के कालियास गांव में 80 वर्ष से अधिक पुराने जैन उपाश्रय महावीर भवन को तोडने की धमकी देने के खिलाफ कालियास जैन समाज के साथ भीलवाड़ा सकल जैन समाज भी साथ में आ गया। जैन धर्मावलम्बियों ने कलक्ट्रेट के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उपाश्रय तोड़ने की धमकी देने वाले सरपंच के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग करते हुए नारे लगाए गए। समाज के प्रतिनिधियों ने जिला कलक्टर नमित मेहता को ज्ञापन देकर कालियास जैन उपाश्रय को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाने के लिए सरपंच को निर्देशित करने की मांग की। श्री जैन श्वेताम्बर संघ कालियास के अध्यक्ष नौरतमल डूंगरवाल के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया कि कालियास का महावीर भवन उपाश्रय का कुछ समय पूर्व जीर्णोद्धार किया गया था। ये उपाश्रय किसी पंथ या स्प्रदाय के संतों तक सीमित नहीं होकर उस मार्ग से विहार करने वाले सभी पंथ, पम्पराओं व सम्प्रदायों के साधु-साध्वियों के विश्राम के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। स्थानक का उपयोग विभिन्न समाजों के सामाजिक कार्यो के लिए भी होता है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इस स्थानक भवन के कारण गांव में कोई बाधा नहीं पहुंचने के बावजूद अब गांव के सरपंच शक्तिसिंह चुण्डावत ने कालियास के जैन समाज के कुछ लोगों को मौखिक सूचना दी है कि महावीर भवन को तोड़ा जाएगा। ज्ञापन में जिला प्रशासन से इस मामले में दखल देकर सरपंच को उपाश्रय को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पहुंचाने के लिए निर्देशित करने की मांग की गई। उपाश्रय तोडने की धमकी देने वाले सरपंच के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने ओर प्रदर्शन करने वालों में शांतिभवन श्रीसंघ भीलवाड़ा के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़, मंत्री सुशील चपलोत,तेरापंथ सभा भीलवाड़ा के अध्यक्ष जसराज चौरड़िया, उपाध्यक्ष निर्मल गोखरू, जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के संरक्षक तेजसिंह नाहर, मंत्री ज्ञानचंद सुराणा, प्रकाश कोठारी, पारसमल कूकड़ा, हेमन्त कोठारी, राजेश कुमार पीपाड़ा, जितेन्द्र नागौरी, नवीन नाहर, भंवरलाल कोठारी, राजेन्द्र प्रसाद चीपड़, नवरतन डूंगरवाल, दिनेश मेहता, चन्द्रसिंह चौधरी, अभय कुमार चपलोत, नेमकुमार सिंघवी, कमल गोखरू, गौतम जैन, धनपत नाहर, अनिलकुमार बुरड़, ऋषभचंद लोढ़ा, नरेन्द्र वागरेचा, राजेश पाटनी, वरूण पितलिया, पदमकुमार डांगी, पारसमल पीपाड़ा, पंकजकुमार सूरिया, पुखराज चौधरी, नितिन बापना, प्रमोद सिंघवी, अनिल खटोड़, जवेरीलाल सिंघवी, अंशुल बाघमार, सुधीर दक, महेन्द्र पोखरना, जितेशकुमार लोढ़ा, विनोद खाब्या, मुकेश पोखरना, रविन्द्र पोखरना, पीयूष रांका, महावीर खाब्या, कमलेश सिसोदिया, अमित मेड़तवाल, किरण कुमार मेड़तवाल सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं श्रावक-श्राविकाएं शामिल थे।

# एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को दवा के साथ ही व्यायाम करना भी लाभदायक है- डॉ. कटारिया



**भीलवाड़ा (पुकार)** । विश्व एड्स दिवस पखवाड़े में संगोष्ठी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एयू फाउंडेशन कार्यालय पांसल चौराहा पर किया गया। जहां युवा वर्ग को एड्स एवं टीबी जागरूकता का संदेश दिया गया। एचआईवी एड्स रोकथाम में युवा वर्ग का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने बताया कि जिले में कार्यरत जिला एड्स नियंत्रण इकाई के माध्यम से जिले में एचआईवी जागरूकता के कार्यक्रम किया जा रहे हैं। प्रवासी व्यक्तियों की संख्या अधिक होने से यहां एचआईवी का प्रसार है जिसे जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को जीवन में समय-समय पर जांच व नियमित दवा का सेवन आवश्यक है साथ ही खान-पान में व्यायाम करना भी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और टी.बी.लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए एचआईवी और क्षय रोग के भ्रांतियों के बारे में बताया। जिला कार्यक्रम अधिकारी हरलाल मीणा ने बताया की महामारी को जड़ से खत्म करने के लिए समुदायों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है समुदाय उन सब को दर्शाता है जो हमने समुदायों के साथ मजबूत साझेदारी के महत्व के बारे में सीखा है। इसके साथ ही एचआईवी/एड्स संक्रमित व्यक्ति को समय-समय पर एआरटी से दवाइयों और सीडी-4 के बारे में जानकारी दी। आईपीईएस संस्था से मुस्कान लुधानी द्वारा पीपीटी के माध्यम से युवा वर्ग को जोखिम समुदाय के बारे में जागरूक कर एड्स बचाव के बारे में बताया। एयू फाउंडेशन से सेंटर मैनेजर उमा आमेरा ने बताया कि युवा वर्ग को कौशल कला के साथ-साथ स्वास्थ्य के बारे में जागरूक होना आवश्यक है इसके साथ ही युवा वर्ग को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया। सामूहिक कार्यवाही एचआईवी प्रगति को बनाए रखती है और उसमें तेजी लाती है इस थीम पर एचआईवी/एड्स रोकथाम में नियंत्रण के लिए 1097 टोल फ्री नंबर पर भी जानकारी ली जा सकती है। एचआईवी संक्रमण से बचाव ही उपचार है। कार्यक्रम में कार्यरत संस्थान मैट्रिक्स सोसायटी से प्रहलाद पांडिया, आईपीईएस से रेखा सेन, अमित शर्मा, कोमल खटीक, करण कसारा और एयू फाउंडेशन से स्वतंत्र त्रिवेदी, कुलदीप, प्रियंका शर्मा, विजेंद्र, गोपाल ने भाग लिया।

## भीलवाड़ा एआरटी सेंटर जयपुर में राज्य स्तर पर पुरस्कृत

### पुरस्कार भीलवाड़ा से एआरटी सेंटर जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंजू कोचर, डॉ. केके तिवाड़ी ने किया प्राप्त




**भीलवाड़ा।** राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, जयपुर ने विश्व एड्स दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एचआईवी/एड्स के परिपेक्ष्य में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कार्मिकों, संस्था प्रभारी, इकाई प्रतिनिधि एवं अन्य संस्थान प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। बेहतरीन कार्य करने वाले एआरटी सेंटर को यह सम्मान प्राप्त हुआ। भीलवाड़ा को यह सम्मान एमजीएच अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़, नोडल अधिकारी डॉ. अंजू कोचर के मार्गदर्शन में एआरटी सेंटर के चिकित्साधिकारी और सभी स्टाफ के अथक प्रयासों से प्राप्त हुआ है। पुरस्कार भीलवाड़ा से एआरटी सेंटर जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंजू कोचर, डॉ. केके तिवाड़ी ने प्राप्त किया। सम्मानित होकर भीलवाड़ा लौटने पर डॉ. अहमद हुसैन जारीफ समेत सेंटर के समस्त कर्मचारियों ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया।

## राकेश कुमार सिंघल को डॉक्टरेट पीएचईडी की मानद उपाधि



**भीलवाड़ा (पुकार)** । भीलवाड़ा जिला कांग्रेस के नेता व समाजसेवी राकेश कुमार सिंघल को पोर्टलैंड (अमेरिका) की एसएसए यूनिवर्सिटी द्वारा राजनीति व समाज सेवा में बेहतरीन कार्य करने पर डॉक्टरेट पीएचइडी की मानद उपाधि लाजपत नगर ऑडिटोरियम नई दिल्ली में प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से परिवार सहित समर्थकों वरिश्तेदार यार दोस्तों में खुशी है। सिंघल ने यूनिवर्सिटी के कुलपति वाइस चांसलर, डायरेक्टर्स, प्रोफेसर ,एसोसिएट प्रोफेसर एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद का बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## पूर्वजों द्वारा दिखाए गए सद्मार्ग पर चलने से ही संघ सुदृढ़ और संगठित हो सकता है- साध्वी ऐश्वर्य प्रभा



**भीलवाड़ा (पुकार)** । गुरु एक, सेवा अनेक की प्रेरणा से ओत-प्रोत, शीतलगच्छ परंपरा की श्राविकाओं ने गुरूणी यश कंवर म.सा. की सुशिष्या उपप्रवर्तिनी मैनाकंवर के आर्शीवाद से यश विहार में एक दिवसीय शीतल प्रोत्साहन महिला संगठन का महासती मनोहर कंवर, साध्वी पुष्पलता, साध्वी ज्योतिप्रभा और साध्वी ऐश्वर्य प्रभा के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ। इसमें शहर की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सर्वसम्मति से प्रेमलता गांग, उमा आंचलिया, बलवीर देवी चौरड़िया, नीता बाबेल, पदमा बाबेल, सुशीला सिंघवी, रेखा नानेचा, ज्योति गांग, मंजू सिंघवी, मंजू डागा, और मैना बापना को मार्गदर्शिका नियुक्त किया गया। साथ ही शहर प्रत्येक कॉलोनी वाईज महिलाओं को संयोजक और सह-संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान साध्वी ज्योतिप्रभा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ तभी प्रगतिशील बन सकता है जब हम गुरु-गुरुणी द्वारा बताए गए धार्मिक सिद्धांतों का पालन करते हुए समर्पण और सामूहिकता की भावना से कार्य करें। साध्वी ऐश्वर्य प्रभा ने कहा कि पूर्वजों द्वारा दिखाए गए सद्मार्ग पर चलने से ही संघ सुदृढ़ और संगठित हो सकता है। उन्होंने निस्वार्थ सेवा और नई पीढ़ी को संस्कारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंत्र नवकार और यश चालीसा के पाठ से हुआ। उपस्थित महिलाओं ने साधु-साध्वियों की सेवा, समाज कल्याण, और नई पीढ़ी को संस्कार प्रदान करने का सामूहिक संकल्प लिया। सुनिल चपलोत ने बताया की इस अवसर पर यश चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष हिम्मतसिंह गांग, अहिंसा भवन के मार्गदर्शक अशोक पोखरना, हेमंत आंचलिया, भूपेंद्र पंगारिया, राजेंद्र सिंह मारू, और सत्येंद्र धूपिया ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में तरुणा मेहता और परी जैन का सहयोग रहा।

## विश्व एड्स दिवस के मौके पर जागरूकता रैली व कार्यशाला के माध्यम से फैलायी जागरूकता

# एड्स से बचने के लिए इसके कारण और लक्षण जानना बेहद जरूरी- सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी




**भीलवाड़ा (पुकार)** । विश्व एड्स दिवस के मौके पर एड्स जैसी लाइलाज बीमारी का इलाज न होने और सावधानी ही सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से रविवार को महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर से चिकित्सकों, नर्स और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जागरूकता रैली शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रैली शामिल विद्यार्थियों ने हाथ में तख्तियां लेकर एड्स से बचाव के तरीकों का प्रचार-प्रसार किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि जिले में कार्यरत जिला एड्स नियत्रण इकाई के माध्यम से जिले में एचआईवी जागरूकता के कार्यक्रम किये जा रहे है। इसी कडी में रविवार को रैली व प्रदर्शनी, कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदशर्नी का जिला चिकित्सालय के ओपीडी काउन्टरां पर किया गया। जिसमें लोंगों को आईईसी प्रचार सामग्री के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। भीलवाडा में प्रवासी व्यक्तियो की संख्या अधिक होने से यहां एचआईवी का प्रसार का अधिक जोखिम है, जिसे जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। एचआईवी संक्रमित होने पर डरने की जरूरत नही है, नियमित दवा के सहारे जीवन यापन किया जा सकता है। कार्यशाला में जिला एचआईवी/एड्स नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने बताया कि एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति को जीवन में समय-समय पर जांच व नियमित दवा का सेवन आवश्यक है साथ ही खान-पान व व्यायाम करना भी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। जिला कार्यकम अधिकारी, हरलाल मीणा ने बताया कि एचआईवी एड्स की रोकथाम में सामुहिक भागीदारी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसकी रोकथाम एंव नियंत्रण के लिए 1097 टोल फ्री नम्बर पर भी जानकारी ली जा सकती है। एच.आई.वी. संक्रमण से बचाव के लिए जीवन साथी के प्रति संयम व सुरक्षित यौन व्यवहार हो, मान्यता प्राप्त ब्लड बैंक से ही रक्त लेंवे, हमेशा नई सुई व सिरिंज का उपयोग करे, संक्रमित गर्भवति से होने वाले बच्चे के बचाव के लिए समय पर जांच व दवा दिलावें। जिससे सुरक्षित प्रसव व बच्चे का नियमित जांच हो सके। सामाजिक सम्मान व समानता तथा कलंक व भेदभाव नहीं हो यह ध्यान रखना होगा। जैसे हाथ मिलाना, साथ खाना, पास बेठना, मच्छर काटने आदि से एच.आई. वी. का प्रसार नहीं होता है। इस दौरान बीएसएल फैक्ट्री में ग्रामीण मानव सेवा संस्थान के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन कर पीपीटी के माध्यम से संदेश दिया गया। इस दौरान नर्सिंग संस्थान के प्रशिक्षक तनवीर अहमद छीपा सहित चिकित्सा विभाग के विभिन्न अधिकारियों के अलावा जिला अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य एड्स काउंसलर, नर्सिंग विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान बीएसएल फैक्ट्री के मुख्य प्रबन्धक एचआर हेड रामदयाल एवं संस्थान के कार्मिक, लिंक वर्कर स्कीम प्रहलाद पाण्डिया, आईपीईएस मुस्कान लुधानी, जीयुएमएस मथुरालाल ने भाग लिया।

# सलूंबर- बांसवाड़ा हाईवे पर पत्थरबाजी करने वाले बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस



**सलूंबर (पुकार)** । जिले की जावर माइंस थाना पुलिस ने 24 घंटे पहले हुई घटना के मामले में कार्रवाई करते हुए 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जावर माइंस थानाधिकारी पवन सिंह ने बताया कि रविवार शाम को उदयपुर-सलूंबर स्टेट हाईवे पर अंधेरे में पत्थरबाजी कर कहीं वाहनों के कांच तोड़ दिए । घटना ओड़ा स्कूल के सामने हुई बदमाशों ने शराब के पैसे के लिए हाईवे पर आने जाने वाले वाहनों को रुकवा कर शराब के पैसे मांगे और गाड़ियों पर पत्थरबाजी की । सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर केवड़ा चौकी से पुलिस जाब्ता घटनास्थल पर पहुंचा । जहां पर लंबा गाड़ियों का जाम लगा हुआ था और अंधेरा का फायदा उठाते हुए कुछ बदमाश वाहनों पर पत्थर बाजी कर रहे थे। पुलिस ने उनको मना किया तो वह ज्यादा पत्थरबाजी करने लगे । और वह मौके से फरार हो गए । जिस पर पुलिस ने एक टीम घटित कर रात भर बदमाशों की तलाश की । इस दौरान मुखबिर से पता चला कि तीन चार लड़के हैं जो कुछ दिनों से बांसवाड़ा -सलूंबर हाईवे पर आए दिन राहगिरो से शराब पीने के लिए पैसे मांगते हुए पथरबाजी कर रहे हैं । पुलिस ने संदिग्ध भेरूलाल, कैलाश,गणपत, भूपेंद्र को डिटेल कर पूछताछ की गई तो उन्होंने वारदात करना कबूल किया । जिस पर पुलिस ने भेरूलाल पिता लक्ष्मण लाल मीणा निवासी ओड़ा, कैलाश पिता खुमा मीणा निवासी ओड़ा, भूपेंद्र पिता कैलाश मीणा निवासी ओड़ा, गणपत लाल पिता बाबूलाल मीणा निवासी रेला को गिरफ्तार किया । पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि या बदमाश काफी समय से घर पर बेरोजगार घूम रहे थे मोबाइल व मौज शोक के लिए पैसे नहीं थे। इसलिए अपने मौज पूरा करने के लिए इधर-उधर सुनसान मकान व दुकानों की रेखी करते व रात के समय में मौका देखकर उदयपुर- सलूंबर स्टेट हाईवे पर रुपए को लेकर पत्थरबाजी करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सनाढ्य बने राजस्थान कबड्डी टीम के मैनेजर

**राजसमंद (पुकार)।** जिले के गिलूण्ड निवासी राउप्रावि सथाना ब्लॉक राजसमन्द के शारीरिक शिक्षक दिनेश कुमार सनाढ्य को अमरावती महाराष्ट्र में 10 से 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता 14 वर्ष में शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा राजस्थान कबड्डी टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता पूर्व तैयारी के लिए मंगलवार से 6 दिसम्बर तक बहरोड़ अलवर में छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। सनाढ्य वर्तमान में जिला कबड्डी संघ व जिला ओलम्पिक संघ महासचिव, राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षक फोरम के सदस्य होकर सभी खेलों में महत्ती भूमिका निभाते हैं। इससे पूर्व भी ये विभिन्न राज्य व राष्ट्र स्तरीय खेलों में निर्णायक, मैनेजर व कोच की भूमिका निभा चुके हैं। इनकी नियुक्ति पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है। प्रतियोगिता का प्रशिक्षक किशनलाल जाट केकड़ी को नियुक्त किया गया।

### सीपी व्यास मेवाड़ क्षेत्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**राजसमंद (पुकार)।** अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरकंठ एवं महासचिव लादुलाल के सानिध्य में गौतम आश्रम कांकरोली में बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीपी व्यास को श्री मेवाड़ क्षेत्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा राजसमंद के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। इस दौरान समाज अध्यक्ष सुखलाल पंचोली, सचिव राधेश्याम आचार्य, मेवाड़ क्षेत्रीय महिला जिलाध्यक्षा लक्ष्मीदेवी जोशी, गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा मुख्य सलाहकार सुरेशचंद्र जोशी, सचिव अशोक कुमार शर्मा, सावित्रीदेवी, दीपिका शर्मा, प्रदीप कुमार उपाध्याय, अनिल कुमार उपाध्याय, भगवतीलाल शर्मा, हीरालाल आदि उपस्थित थे।

### नियमितीकरण को लेकर सामूहिक अवकाश पर रहेंगे पंचायत शिक्षक व विद्यालय सहायक

**6 को करेंगे जयपुर में प्रदर्शन**

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ राजसमंद की आवश्यक बैठक सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित आरके उद्यान में हुई। जिसमें 6 दिसंबर को जयपुर में होने वाले प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन में जिले के सभी पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक सामूहिक अवकाश लेकर 6 दिसंबर को जयपुर में होने वाले प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन में भाग लेने की चर्चा की गई। संघ के जिलाध्यक्ष राकेश पालीवाल ने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों का भी राज्य सरकार द्वारा प्रक्रियाधीन संविदा सेवा नियमितिरण की प्रक्रिया में सभी के साथ सम्मिलित कर पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों के भी स्थाईकरण के लिए स्थायी पदों का सृजन कर नियमितीकरण की प्रक्रिया आरंभ करने की मांग को लेकर जयपुर में अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे। संघ के जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने बताया कि जिले के सभी पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक भाई-बहन 6 दिसंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जयपुर में धरना-प्रदर्शन आंदोलन में भाग लेकर हल्ला बोलेंगे। पालीवाल ने बताया कि विदित रहे अब तक की सभी सरकारों ने हम संविदा कार्मिकों का लगातार शोषण कर हमारे हक को दबाने का प्रयास किया है। हमें संविदा पर काम करते हुए लगभग 14 साल से अधिक हो गए हैं, जबकि नियमितीकरण के लिए 9 वर्षों की सेवा पर्याप्त है इसके बावजूद भी हमें नियमों के मायाजाल में उलझाकर स्थाईकरण से वंचित किया जा रहा है, जिसे प्रदेश भर के हजारों पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक भाई-बहन बर्दाश्त नहीं करेंगे व संघ 6 दिसंबर को जयपुर में पुरजोर तरीके विरोध प्रदर्शन करेगा। जिले से सभी ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में 5 दिसंबर को सभी विद्यालय सहायक पंचायत शिक्षक भाई-बहन जयपुर के लिए कूच करेंगे।

### बार एसोसिएशन के वर्ष 2025 के लिए चुनाव 13 को, चुनाव समिति की घोषणा

**राजसमंद (पुकार)।** बार एसोसिएशन राजसमन्द के वर्ष 2025 (1जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025) के लिए चुनाव इस माह 13 दिसंबर 2024 (द्वितीय शुक्रवार) को आयोजित किए जाएंगे। इन चुनावों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए बार एसोसिएशन की साधारण सभा में वरिष्ठ अधिवक्ताओं की एक चुनाव समिति गठित की गई। बार एसोसिएशन सचिव ऋषि राज पालीवाल ने बताया कि चुनाव समिति के सदस्य में प्रजीत तिवारी मुख्य चुनाव अधिकारी, चन्द्रशेखर आचार्य सहायक चुनाव अधिकारी, नरोत्तम पालीवाल सहायक चुनाव अधिकारी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि अनिल जोशी द्वारा निजी कारणों के चलते अपनी असमर्थता व्यक्त करने के उपरांत कार्यकारिणी द्वारा उनके स्थान पर चन्द्रशेखर आचार्य को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 15 वर्ष का वकालत अनुभव, उपाध्यक्ष के लिए 5 वर्ष का वकालत अनुभव, मंत्री के लिए 10 वर्ष का वकालत अनुभव, सहमंत्री के लिए 5 वर्ष का वकालत अनुभव, कोषाध्यक्ष के लिए 7 वर्ष का वकालत अनुभव आवश्यक है। पुस्तकालय मंत्री के लिए 5 वर्ष का वकालत अनुभव आवश्यक है।

### एमआई को व्हील चेयर व वॉकर भेंट

**डूंगरपुर(पुकार)।** भामाशाह गणेशलाल-केशवलाल पटेल निवासी गांधी आश्रम डूंगरपुर द्वारा महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर को एक व्हील चेयर व एक



वॉकर भेंट की गई जिसमें वीर अभिषेक कोटडिया का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा । इस अवसर पर संस्था के जॉन चेयरमैन पृथ्वीराज जैन,सह सचिव वीर अविचल जैन, वीर हर्षवर्धन जैन, उपाध्यक्ष वीर रवि भाई सेठ, कोषाध्यक्ष वीर अशोक पोला, वीर शरद सरैया, वीर अभिषेक कोटड़िया उपस्थित रहें। संस्था द्वारा पूर्व से ही आमजन को हाइड्रॉलिक पलंग एव्हील चेयर, वॉकर आदि सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करते रहे हैं। संस्था द्वारा भामाशाह गणेशलाल पटेल एवं उनकी धर्मपत्नी शारदा देवी का माला व उर्पणा पहनाकर बहुमान कर आभार प्रकट किया।

### सभापति एवं स्वच्छता कमेटी ने किया वार्ड का निरीक्षण

**डूंगरपुर(पुकार)।** सभापति के नेतृत्व में आज स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड नंबर 4 और 5 का निरीक्षण किया वार्ड नंबर 5 आकाशवाणी में लोगों



से मिलकर स्वच्छता के लिए प्रेरित किया एवं व्यापारियों को डस्टबिन और स्वच्छता हेतु पाबंद किया। वार्ड नंबर 4 उदयपुरा में सोमवार को सभापति द्वारा रोड निर्माण का काम भी शुरू करवाया गया वह कार्य काफी समय से लंबित कार्य शुरू होने पर वहां के वार्ड वासियों और नागरिकों ने सभापति को धन्यवाद दिया।

इस दौरान सभापति स्वच्छता कमेटी की टीम जिसमें डायालाल पाटीदार, जितेंद्र कुमार भोई, राजेश कुमार रोत, कांतिलाल कोटेड़, साथ ही नगर परिषद टीम से सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत एवं उनकी पूरी टीम भी रही स्वच्छता कमेटी के निर्देश अनुसार राम सिंह जी राजावत ने सफाई कर्मी को उचित निर्देश दिए एवं तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू करवाया।

# कुंभलगढ़ महोत्सव के दूसरे दिन दिखा लोक संस्कृति और संगीत का अद्भुत संगम

● सवाई भाट और मोठिया की प्रस्तुति ने मोहा मन, लोक कलाकारों के साथ थिरके सैलानी

● कच्ची घोड़ी, कालबेलिया, घूमर, चकरी, सहरिया और चरी नृत्य देखने उमड़े सैलानी

**राजसमंद(पुकार)।** राज्य सरकार द्वारा कुंभलगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय कुंभलगढ़ फेस्टिवल में पर्यटकों का सैलाब उमड़ रहा है। राजस्थान के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर कुंभलगढ़ दुर्ग में चल रहे 18वें कुंभलगढ़ महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ सजे दुर्ग परिसर में हुआ। सायं प्रस्तुति में वायलिन के सुरों ने जब श्रोताओं का स्वागत किया तो वातावरण संगीतमय हो गया। पंडित कैलाश चंद्र मोठिया और योगेश चंद्र मोठिया ने वायलिन पर राग जोग और राग दुर्गा की अद्भुत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम की धुन के साथ हुआ, जिससे परिसर देशभक्ति के जज्बे से भर गया। सवाई भाट और ग्रुप की प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि पर्यटक मंत्रमुग्ध हो उठे। सवाई भाट को सुनने लोग उमड़े रहे। दूसरे दिन की मुख्य आकर्षण प्रस्तुतियों में जोधपुर के जीवन नाथ और उनकी लंगा पार्टी ने अपनी आवाज से लोगों को कार्यक्रम में जोड़े रखा। छाप तिलक सब छीनी..., निंबुड़ा निंबुड़ा और केसरिया बालम जैसे लोकगीतों ने दर्शकों को आनंदित किया। वहीं, बाड़मेर के पारसमल एंड पार्टी के लाल आंगी गैर नृत्य ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देसी ढोल की थाप पर किया गया यह नयनाभिराम नृत्य सभी के आकर्षण का केंद्र बना। चित्तौड़ के दुर्गा शंकर एंड पार्टी ने अपने बहरूपिया प्रदर्शन से लोगों का खूब मनोरंजन किया। उनके अलग-अलग वेश और पारंपरिक कला ने राजस्थान की





सांस्कृतिक विविधता को जीवंत कर दिया। तीन दिवसीय महोत्सव में दिनभर दुर्ग परिसर में राजस्थान की संस्कृति और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। कच्ची घोड़ी, कालबेलिया, घूमर, चकरी, सहरिया और चरी नृत्य जैसे पारंपरिक नृत्य दर्शकों को खूब भा रहे हैं। साथ ही साफा बांधने, रंगोली मांडना और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजन का हिस्सा हैं, जिनमें विजेताओं को पर्यटन विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विदेशी और देशी पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और लोक कलाकारों के साथ थिरक रहे





हैं। महोत्सव के दौरान पर्यटन विभाग की पर्यटन उप निदेशक शिखा सक्सेना, सहायक निदेशक विवेक जोशी, पर्यटक अधिकारी जितेंद्र माली, सहायक पर्यटक अधिकारी नीलू राठौड़, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष भरतपाल सिंह, हेरिटेज सोसायटी के सचिव कुबेरसिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे। पर्यटन विभाग की उपनिदेशक शिखा सक्सेना ने बताया कि यह महोत्सव न केवल राजस्थान की संस्कृति और परंपरा को प्रदर्शित कर रहा है, बल्कि यह स्थानीय और विदेशी पर्यटकों को राज्य की कला और संगीत से जोड़ने का एक माध्यम भी है। कुंभलगढ़ महोत्सव, राजस्थानी धरोहर और लोक संस्कृति का अनूठा मेल है, जो सालभर पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है। कुंभलगढ़ महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन मंगलवार को बरखा जोशी एवं ग्रुप कथक और लोक गायन की प्रस्तुति देंगे। साथ ही, मोहित गंगवानी और ग्रुप तबला वादन करेंगे। सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पगड़ी बांधो प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, लोक नृत्य और लोक गायन जैसी गतिविधियां आयोजित हुई।

## बीएन में एड्स दिवस पर व्याख्यान का आयोजन

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एड्स दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ संगीता मालपानी थी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुसुया उपाध्याय ने बताया कि मुख्य वक्ता ने स्वयं सेविकाओं को एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि एड्स की बीमारी एचआईवी वायरस से होती है। 2024 एड्स दिवस की थीम ''सही रास्ते पर चले'' सभी के लिए समान अधिकार, सम्मान और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देती है। इस थीम के जरिए 2030 तक दुनियाभर में एड्स को खत्म करने का प्रयास किया जाएगा। यह दिवस हम इस



बीमारी से मर रहे लोगों के सम्मान में और लोगों के बीच ज्यादा जागरूकता फैलाने के लिए मनाते हैं। इस बीमारी से पीड़ित मरीज को लगातार डायरिया, वेट लॉस, रात में पसीना आना, सांस लेने में तकलीफ होना, टीबी, हर्पीज, निमोनिया जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। धन्यवाद कार्यक्रम सह अधिकारी डॉ कमलेश पालीवान ने ज्ञापित किया।

## लड़कियों पर बंदिशें लगाने की बजाय समाज खुद संयम और अनुशासन में रहे : मुनि अतुल

**राजसमंद (पुकार)।** मुनि रविन्द्र कुमार एवं मुनि अतुल कुमार के सानिध्य में गायत्री संस्कार सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोरचणा में मोटिवेशनल प्रवचन का आयोजन हुआ। मुनि अतुल कुमार ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि लड़कियों पर बंदिशें लगाने से कुछ नहीं होगा। समाज खुद संयम और अनुशासन में रहे। प्रत्येक परिवार में बचपन से ही बेटों को ऐसे संस्कार देने चाहिए ताकि वे अपनी बहनों के साथ-साथ प्रत्येक लड़की का सम्मान करने की आदत डालें। मुनि ने आगे कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि बदलाव और सम्मान की शुरुआत हमारे अपने घर से ही होती है। अपने



लड़कों को समानता सिखाएं कि हर लड़की आपकी तरह समान रूप से सम्माननीय और स्वतंत्र है। उसे भी आपकी तरह जीवन में अपने फैसले लेने का पूरा अधिकार है। वह भी आपकी तरह ही मजबूत है। उसे भी पूरा सम्मान मिलना चाहिए। उसके अंदर भी एक इंसान है, इमोशंस हैं। हम उनके हौसलों और इच्छाओं को भी समाज की गैरजरूरी बंदिशों तले दाब रहे हैं। लड़कियों के प्रति अपना नजरिया बदलें। माता को बेटियों में जुझारूपन पैदा करने की पहल करनी चाहिए। लड़कियां अपनी आत्मरक्षा के लिए खुद मजबूत बनें। तभी गलत व्यवहार से निपट सकते हैं। मुनि रविन्द्र कुमार ने मंगल पाठ सुनाया।

## विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण पर बनास नदी के उद्गम स्थल को देखा

**राजसमंद (पुकार)।** महात्मा गांधी राउप्रावि बंशावलियों का गुड़ा (अंग्रेजी माध्यम) के छात्र-छात्राओं को देखा व बच्चों ने दुर्ग के प्राचीन इतिहास के बारे जाना और देखा। इस दौरान संस्था प्रधान सरोज यादव,



ने शनिवार को कुंभलगढ़ दुर्ग, परशुराम महादेव, बैरो का मठ आदि का शैक्षिक भ्रमण किया। साथ ही बच्चों ने बनास नदी के उद्गम स्थल मुरारी लाल, ज्योति पालीवाल, नीरज गोयल, संगीता कुमावत, गोविंद मीणा, आकाश कुमावत, निर्णय त्रिवेदी उपस्थित थे।

## राजसमंद को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय की सौगात

● 11 नए पद स्वीकृत

**राजसमंद (पुकार)।** शहर के प्रथम श्रेणी के पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करते हुए 11 नए पद स्वीकृत किए गए हैं। यह जानकारी विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने दी। विधायक ने बताया कि बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में एक उपनिदेशक, एक वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, दो पशु चिकित्सा अधिकारी, दो पशुधन सहायक, दो पशुधन परिचर, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक एक्सरे टेक्नीशियन के पद स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जिले के लिए स्वीकृत बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय को नाथद्वारा स्थानांतरित कर दिया था। इस विषय को उन्होंने विधानसभा में मजबूती से



दीप्ति माहेश्वरी, विधायक

उठाया था। भाजपा की सरकार बनने के बाद इस मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखाते हुए राजसमंद के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने की घोषणा की गई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पशुपालन विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत का इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कदम क्षेत्र के पशुपालकों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होगा और पशु चिकित्सा सेवाओं में सुधार करेगा। देश के प्रत्येक निर्धन परिवार का सशक्तिकरण मोदी सरकार की बनी वैश्विक पहचान

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के निर्धन परिवारों के सशक्तिकरण को अपनी वैश्विक पहचान बना लिया है। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विगत 10 वर्षों को गौरवपूर्ण उपलब्धियों का समय बताते हुए कहा कि इन वर्षों में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। विधायक कार्यालय में कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए उन्होंने प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की गौरवपूर्ण उपलब्धियां को जन- जन तक पहुंचने का आग्रह किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि ये उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व और समर्पित नीतियों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रयास न केवल भारत को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बना रहे हैं बल्कि वैश्विक मंच पर देश की छवि को भी और मजबूत कर रहे हैं।

## शाह समाज संयुक्त चौखला मेवाड़ के चुनाव में ईमरान शाह मुस्लिम शाह बने अध्यक्ष

**राजसमंद (पुकार)।** मुस्लिम शाह समाज में वर्षों से व्याप्त रूढ़िवादी परंपराओं पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने एवं खाप पंचायत को समाप्त कर शिक्षा के प्रति आम समाज जन को जाग्रत करने के उद्देश्य से लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुसार वोट के अधिकार को बरकरार रखने के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुसार वोट डालकर समाज की दिशा और दशा में व्यापक बदलाव की दृष्टि से आम समाज ने वोट डालकर कर प्रत्याशी चुनने के लिए भीलवाड़ा जिले के पोटला स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में समाज के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का परंपरागत रूप से समाज द्वारा गठित चुनाव संचालन समिति के माध्यम से आम समाज जन द्वारा मतदान स्थल पर जमा होकर नियमानुसार वोट डालने की व्यवस्था का भरपूर लाभ उठाया गया। मेवाड़ शाह समाज के मीडिया प्रभारी आशिक शाह देवगढ़, शरीफ मोहम्मद सहाड़ा एवं शरीफ मोहम्मद शाह रेलमगरा ने बताया कि मतदान के पश्चात वोटो की गिनती के आधार पर समाज के युवा प्रत्याशी ईमरान हुसैन



शाह आमेट को अध्यक्ष (सदर) अजीज शाह सरदारगढ़ को कोषाध्यक्ष एवं बरकत हुसैन शाह सहाड़ा को सचिव घोषित किया गया। गौरतलब है कि समाज के समस्त सोलह चौखला क्षेत्र जिसमें भीलवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ एवं उदयपुर जिले में निवास करने वाले समाज के कुल 1541 अठारह वर्ष से लेकर बुजुर्ग लोगों ने वोट डालने के लिए पंजीकृत कराया गया था। जिसमें 1280 वोटो की गिनती के आधार पर चुनाव परिणाम घोषित किया गया। इस सामाजिक बदलाव के चुनाव को सफलता पूर्वक आयोजन करने में उपखंड अधिकारी गंगापुर जिला भीलवाड़ा द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर मतदान स्थल पर पुलिस बल, पीने का पानी एवं यातायात की माकूल व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। समाज में पिछले पचास वर्षों में पहली बार लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप चुनाव संचालन समिति का गठन कर पूर्व अध्यापक हाजी बाबू हुसैन शाह रेलमगरा, हाजी कालू हसन शाह राजनगर, हाजी फकीर मोहम्मद शाह कपासन सहित पूर्व अध्यापक समिति सदस्य गण के करीब दस सदस्यों ने सुचारू रूप से चुनाव संचालन की कमान संभाल रखी थी। इस दौरान मेवाड़ चौखला कार्यसमिति के सदस्य आशिक हुसैन शाह देवगढ़, शफी मोहम्मद शाह गंगापुर, शरीफ मोहम्मद सहाड़ा, शरीफ मोहम्मद शाह, गफ्फार शाह रेलमगरा, आजाद शाह पोटला, मुंशी शाह आकाशवाणी उदयपुर सहित मेवाड़ के चारों जिलों के कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान कर चुनाव के सफल संचालन में अपना सहयोग प्रदान किया। समाज के पूर्व प्रवक्ता रफीक शाह ने बताया के इस सामाजिक चुनाव में कुल सात प्रत्याशियों ने भाग लेकर समाज के हित को सर्वोपरि रख कर नियमानुसार प्रचार प्रसार कर सामाजिक जागृति पैदा करने के उद्देश्य से नामांकन दाखिल किया। जिस के कारण समाज के युवा वर्ग में जागृति पैदा हो सके। इस दौरान मुस्लिम समाज देवगढ़ के अध्यक्ष, राजनगर अंजुमन संस्थान के उप सदर रफीक चूड़ीगर, पोटला सरपंच सहित मेवाड़ कार्यसमिति के पूर्व सदस्यगण सहित कई सामाजिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गुप्ता पेट्रोल के निकट मक्का भरा ट्रोला पलटा

● गलत साइट आ रहे कंटेनर बचाने के चक्कर हुआ हादसा

**डूंगरपुर (पुकार)।** शहर के तिजवड़ के निकट गुप्ता पेट्रोल पंप के पास सोमवार तड़के 3 बजे मक्का से भरा हुआ एक ट्रोला सड़क किनारे पलटने से चालक और खलासी चक्कर ट्रोला अपना नियंत्रण खो बैठा तथा सड़क किनारे बिजली के पोल से टकराते हुए सड़क किनारे दुकान से टकराते हुए ट्रोला पलटने अंदर रखा मक्के सड़क पर बिखर गए।



घायल हो गए। ट्रोला चालक ने घाटोल निवासी मुकेश पुत्र हकरू डामोर ने बताया कि धरियावद से मक्का से भर कर गुजरात के हिम्मतनगर जाने के लिए निकली। सोमवार तड़के जैसे ही ट्रक लेकर तीजवड़ से गुप्ता पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा तभी सड़क पर अचानक सामने से गलत साइड से कंटेनर आ गया। चालक ने कंटेनर बचाने के हादसे में चालक मुकेश और खलासी कांतिलाल को चोटे आई। सूचना मिलने पर मौके पर 108 पहुंची तथा घायल खलासी कांतिलाल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इधर सोमवार सुबह पलटे ट्रोले में पड़ा मक्का के कट्टे की रखवाली कर रहे चालक से कुछ लोगों ने मारपीट करने के बाद मक्के कट्टे चुरा के ले जाने की घटना को अंजाम दिया।

## संक्षिप्त खबरें...

### डॉ. लीना जैन ने लिया नॉर्थ ईस्ट जोन की कॉन्फ्रेंस में भाग



भीलवाड़ा। भीलवाड़ा नॉर्थ ईस्ट जोन की डॉक्टर्स कॉन्फ्रेंस में भीलवाड़ा से एमजीएच नाक कान गला रोग विभागाध्यक्ष डॉ.लीना जैन ने गेस्ट फैकल्टी के रूप में भाग लिया। डॉ. लीना ने बतौर सर्जन खुद को कैसे निखारे व सीमित संसाधनों में कैसे अपनी शल्य चिकित्सा को परिपक्व कर सकें इस पर विचार साझा किए। मरीजों के हित में बिना बेहोशी के नाक, गले व लार ग्रंथि की नली की पथरी के ऑपरेशन किए जा सकते है, इसके बारे में बताया जोहों, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मेडिकल सेक्टर में उपयोगिता पर सभी का ध्यान केंद्रित किया जिसकी सभी ने काफी सराहना की। कांफ्रेंस में पूरे देश से मशहूर महिला ईएनटी सर्जन सम्मिलित हुए और नई नई खोज विकसित करने की दिशा में कदम उठाए ,सभी ने शल्य चिकित्सा को कैसे आसान बनाया जा सके पर चर्चा की। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने से यहां की फैकल्टी को कई ऐसे मौके मिल रहे हैं जिससे भीलवाड़ा का नाम पूरे देश में रोशन हो रहा है।

### सुदिवा स्पिनर्स को लगातार पांचवी बार मिला बेस्ट एम्प्लॉयर अवार्ड




भीलवाड़ा। सुदिवा स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड सरेरी को एम्प्लॉयर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा बेस्ट एम्प्लॉयर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया अवार्ड समारोह, एसोसिएशन के हीरक जयंती कार्यक्रम में दिया गया। अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, राज्य उद्योग मंत्री के.के.विश्नोई की गरिमामयी उपस्थिति में दिया गया। संस्थान लगातार नवाचार के साथ साथ नई तकनीकी को संस्थान मे जल्दी से लागू करने मे सजग रहती है और निरंतर कामगारों हित मे नई नई योजनाओ के साथ साथ उनकी आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए भी ध्यान रखती है। तथा लगातार हेल्थ कैंप का आयोजन भी होता रहता है। संस्थान विगत कई वर्षो से सुरक्षा ऑडिट, सोशल ऑडिट करवाती रही है और आई.एस.ओ., क्यू.एम.एस., एस.ए. 8000 जैसे सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर चुकी हैं। संस्थान रोजगार देने मे भी लगातार कार्य करती है और अभी हाल ही मे राइजिंग राजस्थान के तहत 525 करोड़ के प्रोजेक्ट का एमओयू किया है जिसको संस्थान जल्द ही धरातल पर उतारेगी। अवार्ड प्राप्त करने के लिए संस्थान से प्रतिनिधि अक्षय जैन, पुष्पेन्द्र जैन, निर्मल काबरा मौजूद रहे।

### निःशुल्क जांच शिविर में 120 जनों की हुई ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच



**भीलवाड़ा।** तिलक नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा एवं एलीट डायग्नोस्टिक के सौजन्य से निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 120 जनों की ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गई। शिविर को सफल बनाने मे अध्यक्ष राजेन्द्र जागेटिया के साथ ही सुनील सोमानी, जगदीश सोनी, श्रवण मूंदड़ा, मनोहर झंवर, लोकेश नामधरानी, अनिल सोमानी, दिनेश तोषनीवाल, श्याम बांगड़, मुरली काकाणी, सत्यनारायण मूंदड़ा, प्रीतम बाहेती, पंकज बांगड़, ओम काबरा, धर्मेंद्र बसेर, अमरचंद बांगड़, रोहित बसेर, महेश नकलक, शंकर लाल काष्ट, मुकेश बसेर, सहित कई समाजजनों ने सहयोग किया।

# कालियास उपासरे को बचाने के लिए जैन समाज का प्रदर्शन, धर्मस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करें प्रशासन

## कालियास के साथ भीलवाड़ा जैन समाज ने की जिला कलेक्टर से धर्मस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग, सौपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा (पुकार)** । जिले के आसीन्द क्षेत्र के कालियास गांव में 80 वर्ष से अधिक पुराने जैन उपाश्रय महावीर भवन को तोडने की धमकी देने के खिलाफ कालियास जैन समाज के साथ भीलवाड़ा सकल जैन समाज भी साथ में आ गया। जैन धर्मावलम्बियों ने कलक्ट्रेट के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उपाश्रय तोड़ने की धमकी देने वाले सरपंच के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग करते हुए नारे लगाए गए। समाज के प्रतिनिधियों ने जिला कलक्टर नमित मेहता को ज्ञापन देकर कालियास जैन उपाश्रय को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाने के लिए सरपंच को निर्देशित करने की मांग की। श्री जैन श्वेताम्बर संघ कालियास के अध्यक्ष नौरतमल डूंगरवाल के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया कि कालियास का महावीर भवन उपाश्रय का कुछ समय पूर्व जीर्णोद्धार किया गया था। ये उपाश्रय किसी पंथ या स्प्रदाय के संतों तक सीमित नहीं होकर उस मार्ग से विहार करने वाले सभी पंथ, पम्पराओं व सम्प्रदायों के साधु-साध्वियों के विश्राम के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। स्थानक का उपयोग विभिन्न समाजों के






सामाजिक कार्यो के लिए भी होता है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इस स्थानक भवन के कारण गांव में कोई बाधा नहीं पहुंचने के बावजूद अब गांव के सरपंच शक्तिसिंह चुण्डावत ने कालियास के जैन समाज के कुछ लोगों को मौखिक सूचना दी है कि महावीर भवन को तोड़ा जाएगा। ज्ञापन में जिला प्रशासन से इस मामले में दखल देकर सरपंच को उपाश्रय को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पहुंचाने के लिए निर्देशित करने की मांग की गई। उपाश्रय तोडने की धमकी देने वाले सरपंच के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने ओर प्रदर्शन करने वालों में शांतिभवन श्रीसंघ भीलवाड़ा के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़, मंत्री सुशील चपलोत,तेरापंथ सभा भीलवाड़ा के अध्यक्ष जसराज चौरड़िया, उपाध्यक्ष निर्मल गोखरू, जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के संरक्षक तेजसिंह नाहर, मंत्री ज्ञानचंद सुराणा, प्रकाश कोठारी, पारसमल कूकड़ा, हेमन्त कोठारी, राजेश कुमार पीपाड़ा, जितेन्द्र नागौरी, नवीन नाहर, भंवरलाल कोठारी, राजेन्द्र प्रसाद चीपड़, नवरतन डूंगरवाल, दिनेश मेहता, चन्द्रसिंह चौधरी, अभय कुमार चपलोत, नेमकुमार सिंघवी, कमल गोखरू, गौतम जैन, धनपत नाहर, अनिलकुमार बुरड़, ऋषभचंद लोढ़ा, नरेन्द्र वागरेचा, राजेश पाटनी, वरूण पितलिया, पदमकुमार डांगी, पारसमल पीपाड़ा, पंकजकुमार सूरिया, पुखराज चौधरी, नितिन बापना, प्रमोद सिंघवी, अनिल खटोड़, जवेरीलाल सिंघवी, अंशुल बाघमार, सुधीर दक, महेन्द्र पोखरना, जितेशकुमार लोढ़ा, विनोद खाब्या, मुकेश पोखरना, रविन्द्र पोखरना, पीयूष रांका, महावीर खाब्या, कमलेश सिसोदिया, अमित मेड़तवाल, किरण कुमार मेड़तवाल सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं श्रावक-श्राविकाएं शामिल थे।

# एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को दवा के साथ ही व्यायाम करना भी लाभदायक है- डॉ. कटारिया




**भीलवाड़ा (पुकार)** । विश्व एड्स दिवस पखवाड़े में संगोष्ठी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एयू फाउंडेशन कार्यालय पांसल चौराहा पर किया गया। जहां युवा वर्ग को एड्स एवं टीबी जागरूकता का संदेश दिया गया। एचआईवी एड्स रोकथाम में युवा वर्ग का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने बताया कि जिले में कार्यरत जिला एड्स नियंत्रण इकाई के माध्यम से जिले में एचआईवी जागरूकता के कार्यक्रम किया जा रहे हैं। प्रवासी व्यक्तियों की संख्या अधिक होने से यहां एचआईवी का प्रसार है जिसे जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को जीवन में समय-समय पर जांच व नियमित दवा का सेवन आवश्यक है साथ ही खान-पान में व्यायाम करना भी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और टी.बी.लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए एचआईवी और क्षय रोग के भ्रांतियों के बारे में बताया। जिला कार्यक्रम अधिकारी हरलाल मीणा ने बताया की महामारी को जड़ से खत्म करने के लिए समुदायों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है समुदाय उन सब को दर्शाता है जो हमने समुदायों के साथ मजबूत साझेदारी के महत्व के बारे में सीखा है। इसके साथ ही एचआईवी/एड्स संक्रमित व्यक्ति को समय-समय पर एआरटी से दवाइयों और सीडी-4 के बारे में जानकारी दी। आईपीईएस संस्था से मुस्कान लुधानी द्वारा पीपीटी के माध्यम से युवा वर्ग को जोखिम समुदाय के बारे में जागरूक कर एड्स बचाव के बारे में बताया। एयू फाउंडेशन से सेंटर मैनेजर उमा आमेरा ने बताया कि युवा वर्ग को कौशल कला के साथ-साथ स्वास्थ्य के बारे में जागरूक होना आवश्यक है इसके साथ ही युवा वर्ग को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया। सामूहिक कार्यवाही एचआईवी प्रगति को बनाए रखती है और उसमें तेजी लाती है इस थीम पर एचआईवी/एड्स रोकथाम में नियंत्रण के लिए 1097 टोल फ्री नंबर पर भी जानकारी ली जा सकती है। एचआईवी संक्रमण से बचाव ही उपचार है। कार्यक्रम में कार्यरत संस्थान मैट्रिक्स सोसायटी से प्रहलाद पांडिया, आईपीईएस से रेखा सेन, अमित शर्मा, कोमल खटीक, करण कसारा और एयू फाउंडेशन से स्वतंत्र त्रिवेदी, कुलदीप, प्रियंका शर्मा, विजेंद्र, गोपाल ने भाग लिया।

## भीलवाड़ा एआरटी सेंटर जयपुर में राज्य स्तर पर पुरस्कृत

### पुरस्कार भीलवाड़ा से एआरटी सेंटर जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंजू कोचर, डॉ. केके तिवाड़ी ने किया प्राप्त




**भीलवाड़ा।** राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, जयपुर ने विश्व एड्स दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एचआईवी/एड्स के परिपेक्ष्य में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कार्मिकों, संस्था प्रभारी, इकाई प्रतिनिधि एवं अन्य संस्थान प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। बेहतरीन कार्य करने वाले एआरटी सेंटर को यह सम्मान प्राप्त हुआ। भीलवाड़ा को यह सम्मान एमजीएच अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़, नोडल अधिकारी डॉ. अंजू कोचर के मार्गदर्शन में एआरटी सेंटर के चिकित्साधिकारी और सभी स्टाफ के अथक प्रयासों से प्राप्त हुआ है। पुरस्कार भीलवाड़ा से एआरटी सेंटर जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंजू कोचर, डॉ. केके तिवाड़ी ने प्राप्त किया। सम्मानित होकर भीलवाड़ा लौटने पर डॉ. अहमद हुसैन जारीफ समेत सेंटर के समस्त कर्मचारियों ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया।

### राकेश कुमार सिंघल को डॉक्टरेट पीएचईडी की मानद उपाधि



**भीलवाड़ा (पुकार)** । भीलवाड़ा जिला कांग्रेस के नेता व समाजसेवी राकेश कुमार सिंघल को पोर्टलैंड (अमेरिका) की एसएसए यूनिवर्सिटी द्वारा राजनीति व समाज सेवा में बेहतरीन कार्य करने पर डॉक्टरेट पीएचइडी की मानद उपाधि लाजपत नगर ऑडिटोरियम नई दिल्ली में प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से परिवार सहित समर्थकों वरिश्तेदार यार दोस्तों में खुशी है। सिंघल ने यूनिवर्सिटी के कुलपति वाइस चांसलर, डायरेक्टर्स, प्रोफेसर ,एसोसिएट प्रोफेसर एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद का बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## पूर्वजों द्वारा दिखाए गए सद्मार्ग पर चलने से ही संघ सुदृढ़ और संगठित हो सकता है- साध्वी ऐश्वर्य प्रभा



**भीलवाड़ा (पुकार)** । गुरु एक, सेवा अनेक की प्रेरणा से ओत-प्रोत, शीतलगच्छ परंपरा की श्राविकाओं ने गुरूणी यश कंवर म.सा. की सुशिष्या उपप्रवर्तिनी मैनाकंवर के आर्शीवाद से यश विहार में एक दिवसीय शीतल प्रोत्साहन महिला संगठन का महासती मनोहर कंवर, साध्वी पुष्पलता, साध्वी ज्योतिप्रभा और साध्वी ऐश्वर्य प्रभा के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ। इसमें शहर की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सर्वसम्मति से प्रेमलता गांग, उमा आंचलिया, बलवीर देवी चौरड़िया, नीता बाबेल, पदमा बाबेल, सुशीला सिंघवी, रेखा नानेचा, ज्योति गांग, मंजू सिंघवी, मंजू डागा, और मैना बापना को मार्गदर्शिका नियुक्त किया गया। साथ ही शहर प्रत्येक कॉलोनी वाईज महिलाओं को संयोजक और सह-संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान साध्वी ज्योतिप्रभा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ तभी प्रगतिशील बन सकता है जब हम गुरु-गुरुणी द्वारा बताए गए धार्मिक सिद्धांतों का पालन करते हुए समर्पण और सामूहिकता की भावना से कार्य करें। साध्वी ऐश्वर्य प्रभा ने कहा कि पूर्वजों द्वारा दिखाए गए सद्मार्ग पर चलने से ही संघ सुदृढ़ और संगठित हो सकता है। उन्होंने निस्वार्थ सेवा और नई पीढ़ी को संस्कारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंत्र नवकार और यश चालीसा के पाठ से हुआ। उपस्थित महिलाओं ने साधु-साध्वियों की सेवा, समाज कल्याण, और नई पीढ़ी को संस्कार प्रदान करने का सामूहिक संकल्प लिया। सुनिल चपलोत ने बताया की इस अवसर पर यश चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष हिम्मतसिंह गांग, अहिंसा भवन के मार्गदर्शक अशोक पोखरना, हेमंत आंचलिया, भूपेंद्र पंगारिया, राजेंद्र सिंह मारू, और सत्येंद्र धूपिया ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में तरुणा मेहता और परी जैन का सहयोग रहा।

## विश्व एड्स दिवस के मौके पर जागरूकता रैली व कार्यशाला के माध्यम से फैलायी जागरूकता

# एड्स से बचने के लिए इसके कारण और लक्षण जानना बेहद जरूरी- सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी

**भीलवाड़ा (पुकार)** । विश्व एड्स दिवस के मौके पर एड्स जैसी लाइलाज बीमारी का इलाज न होने और सावधानी ही सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से रविवार को महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर से चिकित्सकों, नर्स और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जागरूकता रैली शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रैली शामिल विद्यार्थियों ने हाथ में तख्तियां लेकर एड्स से बचाव के तरीकों का प्रचार-प्रसार किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि जिले में कार्यरत जिला एड्स नियत्रण इकाई के माध्यम से जिले में एचआईवी जागरूकता के कार्यक्रम किये जा रहे है। इसी कडी में रविवार को रैली व प्रदर्शनी, कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदशर्नी का जिला चिकित्सालय के ओपीडी काउन्टरां पर किया गया। जिसमें लोंगों को आईईसी प्रचार सामग्री के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। भीलवाडा में प्रवासी व्यक्तियो की संख्या अधिक होने से यहां एचआईवी का




प्रसार का अधिक जोखिम है, जिसे जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। एचआईवी संक्रमित होने पर डरने की जरूरत नही है, नियमित दवा के सहारे जीवन यापन किया जा सकता है। कार्यशाला में जिला एचआईवी/एड्स नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने बताया कि एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति को जीवन में समय-समय पर जांच व नियमित दवा का सेवन आवश्यक है साथ ही खान-पान व व्यायाम करना भी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। जिला कार्यकम अधिकारी, हरलाल मीणा ने बताया कि एचआईवी एड्स की रोकथाम में सामुहिक भागीदारी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसकी रोकथाम एंव नियंत्रण के लिए 1097 टोल फ्री नम्बर पर भी जानकारी ली जा सकती है। एच.आई.वी. संक्रमण से बचाव के लिए जीवन साथी के प्रति संयम व सुरक्षित यौन व्यवहार हो, मान्यता प्राप्त ब्लड बैंक से ही रक्त लेंवे, हमेशा नई सुई व सिरिंज का उपयोग करे, संक्रमित गर्भवति से होने वाले बच्चे के बचाव के लिए समय पर जांच व दवा दिलावें। जिससे सुरक्षित प्रसव व बच्चे का नियमित जांच हो सके। सामाजिक सम्मान व समानता तथा कलंक व भेदभाव नहीं हो यह ध्यान रखना होगा। जैसे हाथ मिलाना, साथ खाना, पास बेठना, मच्छर काटने आदि से एच.आई. वी. का प्रसार नहीं होता है। इस दौरान बीएसएल फैक्ट्री में ग्रामीण मानव सेवा संस्थान के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन कर पीपीटी के माध्यम से संदेश दिया गया। इस दौरान नर्सिंग संस्थान के प्रशिक्षक तनवीर अहमद छीपा सहित चिकित्सा विभाग के विभिन्न अधिकारियों के अलावा जिला अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य एड्स काउंसलर, नर्सिंग विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान बीएसएल फैक्ट्री के मुख्य प्रबन्धक एचआर हेड रामदयाल एवं संस्थान के कार्मिक, लिंक वर्कर स्कीम प्रहलाद पाण्डिया, आईपीईएस मुस्कान लुधानी, जीयुएमएस मथुरालाल ने भाग लिया।

# सलूंबर- बांसवाड़ा हाईवे पर पत्थरबाजी करने वाले बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**सलूंबर (पुकार)** । जिले की जावर माइंस थाना पुलिस ने 24 घंटे पहले हुई घटना के मामले में कार्रवाई करते हुए 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जावर माइंस थानाधिकारी पवन सिंह ने बताया कि रविवार शाम को उदयपुर-सलूंबर स्टेट हाईवे पर अंधेरे में पत्थरबाजी कर कहीं वाहनों के कांच तोड़ दिए । घटना ओड़ा स्कूल के सामने हुई बदमाशों ने शराब के पैसे के लिए हाईवे पर आने जाने वाले वाहनों को रुकवा कर शराब के पैसे मांगे और गाड़ियों पर पत्थरबाजी की । सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर केवड़ा चौकी से पुलिस जाब्ता घटनास्थल पर पहुंचा । जहां पर लंबा गाड़ियों का जाम लगा हुआ था और अंधेरा का फायदा उठाते हुए कुछ बदमाश वाहनों पर पत्थर बाजी कर रहे थे। पुलिस ने उनको मना किया तो वह ज्यादा पत्थरबाजी करने लगे । और वह मौके से फरार हो गए । जिस पर पुलिस ने एक टीम घटित कर रात भर बदमाशों की तलाश की । इस दौरान मुखबिर



से पता चला कि तीन चार लड़के हैं जो कुछ दिनों से बांसवाड़ा -सलूंबर हाईवे पर आए दिन राहगिरो से शराब पीने के लिए पैसे मांगते हुए पथरबाजी कर रहे हैं । पुलिस ने संदिग्ध भेरूलाल, कैलाश,गणपत, भूपेंद्र को डिटेल कर पूछताछ की गई तो उन्होंने वारदात करना कबूल किया । जिस पर पुलिस ने भेरूलाल पिता लक्ष्मण लाल मीणा निवासी ओड़ा, कैलाश पिता खुमा मीणा निवासी ओड़ा, भूपेंद्र पिता कैलाश मीणा निवासी ओड़ा, गणपत लाल पिता बाबूलाल मीणा निवासी रेला को गिरफ्तार किया । पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि या बदमाश काफी समय से घर पर बेरोजगार घूम रहे थे मोबाइल व मौज शोक के लिए पैसे नहीं थे। इसलिए अपने मौज पूरा करने के लिए इधर-उधर सुनसान मकान व दुकानों की रेखी करते व रात के समय में मौका देखकर उदयपुर- सलूंबर स्टेट हाईवे पर रुपए को लेकर पत्थरबाजी करते हैं।

# अटल विहार आवासीय योजना के तहत पुस्तिका का विमोचन



डूंगरपुर। आवासीय योजना पुस्तिका का विमोचन करते प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सभापति एवं अन्य। -फोटो: चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** अटल विहार आवासीय योजना की पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक विमोचन कैबिनेट एवं प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी सभापति अमृतलाल कलासुआ, उपसभापति सुदर्शन जैन, पूर्व विधायक एवं भाजपा उदयपुर शहर प्रभारी बंशीलाल खटीक, भाजपा के नगर उपाध्यक्ष मनोजसिंह चौहान मौजूद रहें। भूखंड के लिए आवेदन कल से शुरू हो जाएंगे। नगर परिषद से सम्पर्क कर अपना आवेदन करें। आवेदन की तारीख 3 दिसम्बर से शुरू हो जाएगा सबको आवास के सपने को पूरा करने की दिशा में नगरपरिषद द्वारा पहल की गई है और इसके तहत शहर में सभी वर्गों के आशार्थियों को एक सुव्यवस्थित आवासीय योजना के रुप में अटल विहार आवासीय योजना बिलडी, डूंगरपुर को प्रारम्भ किया है।

इस योजना में 138 आवासीय एवं 56 व्यवसायीक भूखण्ड है, जिसमें से 24 भूखण्डों का आवंटन लॉटरी पद्धति से किया जायगा एवं 114 आवासीय व 56 व्यवसायीक भूखण्डों को निलामी एवं अन्य प्रयोजन हेतु आरक्षित रखा गया है। इसी प्रकार हमने कर्मचारियों के हितों को देखते हुए राज्य सरकार के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों हेतु भी भूखण्ड आरक्षित कियें है। योजना के तहत प्रथम चरण में 24 भूखण्ड और निम्न आय वर्ग के सभी व्यक्तियों के लिए यह योजना है और सभी के हित को देखते हुए आवंटन की दरें भी इसी प्रकार निर्धारित की गई है कि अल्प आय वर्ग के व्यक्ति भी भूखण्ड़ क्रय कर सकेंगें शहर के समीप इस योजना को निर्माण पूर्णतया सुसज्जित रुप से किया गया है। इसके अन्दर पार्क, नालिया, एलईडी लाईट, सडक के साथ सभी प्रकार की प्राथमिक सुविधाएं उपलब्ध होगी जो एक आदर्श आवासीय योजना के लिए होनी चाहिए। अटल विहार आवासीय योजना से कई लोग लाभान्वित होंगे और सबको सुव्यवस्थित आवास देने की हमारी परिकल्पना साकार होगी। इस योजना का नाम अटल विहार आवासीय योजना है जो कि ग्राम बिलडी, डूंगरपुर एन.एच.-927 प्रस्तावित पर स्थित है। अटल आवासीय योजना में कुल 138 आवासीय एवं 56 व्यवसायीक भूखण्ड है। इसमें प्रथम चरण में 24 भूखण्डों को लॉटरी पद्धती से आंवटित किया जाएगा। योजना में विभिन्न प्रकार के भूखण्डों का प्रावधान रखा गया है। आवंटन की दरे इस प्रकार निर्धारित की गई है कि अल्प आय वर्ग के व्यक्ति भी भूखण्ड़ को क्रय कर सके। भूखण्ड़ का आकार आवेदक की मासिक आय पर निर्भर रहेगा। योजना के आवेदकों की आय को ध्यान में रखते हुए भूखण्ड़ आवंटित किये जायेगें तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग के लोगों को रियायती दर पर भूखण्ड आवंटन किये जाने का प्रावधान है।

## संक्षिप्त समाचार

### वर्तमान में जनता त्रस्त और मोदी सरकार मस्त–भगोरा

**डूंगरपुर(पुकार)।** पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में जनता त्रस्त हे और मोदी सरकार मस्त हैं, उन्होंने कहां कि पेट्रोल और डीज़ल पर अधिक ट्रेक्स, ड्यूटी और अन्य चार्ज लगाकर मोदी सरकार ने आम जनता से लाखों करोड़ों रुपए लूटे हैं और संसद में पूछे गए प्रश्न के उत्तर के अनुसार सरकार ने पिछले 5 साल में लोगों की जेबों से 36 लाख करोड़ से ज़्यादा पैसों की उगाही की है। भगोरा ने कहा कि मोदी सरकार तर्क ये देगी कि ये पैसा कल्याणकारी योजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ख़र्च होता है पर भाजपा ने लगातार कल्याणकारी योजनाओं का फँड बढ़ाने के बजाय आँकड़ों की हेराफेरी और तथ्यों से छेड़-छाड़ कर कम किया है।



ताराचंद भगोरा

भगोरा ने कहा कि कभी पुरानी स्कीम बंद करना, कभी कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदल पुरानी योजना को नया बताना और कभी अपनी ही योजनाओं का नाम बार-बार बदलकर वाहवाही लूटने की कोशिश करने में ये सरकार माहिर है। भगोरा ने कहां कि इन्फ़्रास्ट्रक्चर का हाल तो हमने पुल गिरने, हवाई अड्डों की छत ढहने, हाईवे पर दरारें आने और नई संसद की छत टपकने से देख ही लिया था। पूर्व सांसद ने बताया की मई 2014 से अब तक अंतर्राष्ट्रीय ऑयल में 32 प्रतिशत की गिरावट आई है पर मोदी सरकार की पेट्रोल-डीज़ल पर लूट जारी है। ऐसा लगता है कि मध्यम वर्ग को लूटने के लिए मोदी सरकार ने कोई कॉंट्रेक्ट लिया हुआ हैं।

### इच्छुक प्रतिष्ठित पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं के आवेदन की तिथि बढ़ाई

**डूंगरपुर(पुकार)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स एवं नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए इच्छुक प्रतिष्ठित पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं के प्रस्ताव वर्ष 2024-25 के लिए आमंत्रित किए जाने की तिथि 20 नवम्बर से 30 नवम्बर निर्धारित की गई थी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक शर्मा ने बताया कि कोचिंग संस्थाओं के ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित किए जाने की पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि को 15 दिसम्बर तक बढ़ा दिया गया है। इच्छुक कोचिंग संस्थाओं द्वारा अपने प्रस्ताव एसएसओ पोर्टल पर 15 दिसम्बर तक ऑनलाइन किए जा सकते है। जो कि विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित है।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**डूंगरपुर (पुकार)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने राज्य सरकार के एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की तैयारी की नोडल अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को जिला कलेक्टर सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने 12 से 15 सितंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों रन फॉर विकसित राजस्थान, युवा सम्मेलन, रोजगार सम्मेलन, महिला सम्मेलन, किसान सम्मेलन, जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं विकास पुस्तिका का विमोचन आदि से संबंधित समस्त कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजित किए जाने के संबंध में नियुक्त नोडल अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए मेजर प्रोजेक्ट से संबंधित भूमि आवंटन की सूची उपलब्ध करवाने, नगर परिषद में भूमि आवंटन के संबंध में उपखंड अधिकारी के साथ कार्य करते हुए अगली बैठक से पहले रिपोर्ट प्रस्तुत करने, सिंचाई विभाग को लंबित नामांतरण प्रकरणों में संबंधित तहसीलदार एवं अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने, कृषि विभाग को फील्ड विजिट करने, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को पालनहार मित्र योजना अभियान के सफल संचालन हेतु संबंधित विभागों के साथ संबंध स्थापित करने तथा संपर्क पोर्टल पर जिन विभागों की डिस्पोजल एवं सेटिस्फेक्शन एवरेज रेट अधिक है, उन्हें फोकस करते हुए कार्य करने एवं निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने अपार अपडेशन में लगातार कार्य करने तथा प्रदेश में द्वितीय स्थान पर होने, एवीएनएल अधिकारी ने विगत एक सप्ताह में 225 एग्रीकल्चर कनेक्शन तथा पीएम सूर्य ग्रहण योजना में आठ कनेक्शन दिए जाने, श्रम विभाग अधिकारी ने विगत बैठक के निर्देशों की अनुपालना में यूसी भिजवाए जाने, कृषि विभाग अधिकारी ने डीएपी के वैकल्पिक रूप में एसएसपी का उपयोग किए जाने, नगर परिषद आयुक्त ने झील संरक्षण अधिसूचना हेतु रिपोर्ट के संबंध में जानकारी दी। इस पर एडीएम धाकड़ ने आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### होमगार्ड स्थापना दिवस पर गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र पर विविध आयोजन

**डूंगरपुर (पुकार)।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र डूंगरपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होम गार्ड गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र डूंगरपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होमगार्ड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय परिसर में सदस्यों ने साफ-सफाई सौंदर्यकरण कर श्रमदान किया। इसी क्रम में सोमवार को मैराथन दौड़ में गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र के सदस्यों ने हिस्सा लिया, 3 दिसम्बर को खेलकूद प्रतियोगिता, 4 दिसम्बर को साइकिल रैली जागरूकता रेली, 5 दिसम्बर को रक्तदान समारोह, परेड़ अभ्यास 6 दिसम्बर को मुख्य समारोह का आयोजन होगा।

### उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो जिला टास्क फोर्स बैठक सम्पन्न

**जिला का 0 से 5 वर्ष का बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित ना रहे - अति-कलक्टर**

**डूंगरपुर (पुकार)।** उप-राष्ट्रीय पल्स पोलिय जिला टास्क फोर्स की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ की अध्यक्षता सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि विभाग के साथ ही सभी माता-पिता और परिजन अपनी जिम्मेदारी निभाएं और अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने बूथ पर अवश्य लेकर आए। बैठक मे सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व चिकित्सा विभाग से आरसीएचओ डॉ. लोकेश कुमार परमार, डीपीएम जितिन जोनवाल उपस्थित रहे।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बैठक मे निर्देश देते हुए कहा की सभी चिकित्सा को माइक्रो प्लान में हाई रिस्क एरिया एवं दूरदराज के क्षेत्रों को शामिल करने पर जोर दिया। माइक्रो प्लान की समीक्षा की तथा प्रषिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने विद्यालयों के सहयोग से रैली निकालने तथा ब्लॉक मुख्यालयों पर माइकिंग के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होने यह भी कहा के शिक्षा विभाग को पोलियो दिवस के दिन जहां पर पोलियो बुथ है वहां स्कूल खुला रखे व विद्युत विभाग को निरन्तर विद्युत आपुर्ती करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलंकार गुप्ता ने बैठक मे बताया कि उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम दिनांक 8 से 10 दिसम्बर 2024 तक तीन दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान जिले के 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिसके लिए 222760 बच्चों का लक्ष्य है, रखा गया है। जिले में कुल 808 बूथो शहरी व ग्रामिण क्षेत्र मे लगाए जाएगे।

### खड़े ट्रोले के पीछे घुसी बाइक, युवक की मौत

**खेरवाड़ा थाना क्षैत्र का मामला**

**डूंगरपुर (पुकार)।** उदयपुर जिले के खेरवाड़ा में नेशनल हाईवे 48 पर सड़क खड़े ट्रोले के पीछे बाइक जा टकराने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे दो युवकों में एक युवक में एक को गंभीर चोंटे आई वहीं अन्य युवक को मामूली चोट पहुंची। घायलों को हाईवें की 108 की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बाइक एक युवक मृत घोषित कर शव जिला अस्पताल में मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं घायल युवका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी अनुसान झालावाड़ हाल निवासी चुंडावाड़ा निवासी महेंद्र पुत्र अनिल राव, अपने छोटे भाई अरविंद तथा मामा राहुल के साथ बाइक लेकर चुंडावाड़ा से केसरियाजी की तरफ जा रहे थे। इस दौरान बाइक को महेंद्र चला रहा था तथा पीछे छोटा भाई अरविंद और मामा राहुल बैठे हुए थे। बाइक लेकर जैसे खेरवाड़ा पहुंचे इस दौरान हाईवे पर खड़े ट्रोले पीछे जाकर बाइक जा भिंडी। हादसे में बाइक चला रहा महेंद्र सिर पर और मामा राहुल हाथ पैरे से गंभीर चोंटे आई।

## विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा की विशेष बैठक सम्पन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा संभाग उदयपुर की विशेष बैठक श्री विश्वकर्मा भवन अदकालिया में संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल सुथार के सानिध्य में आयोजित हुई। आगामी शीतकालीन अवकाश में सलूंबर में संभाग स्तरीय सामाजिक खेलकूद प्रतियोगिता पर विस्तृत चर्चा कर व्यवस्था के लिए कार्य समितियों का गठन किया। निमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया व खेल पोशाक का अनावरण हुआ।

इस मौके पर संभागीय महासचिव कन्हैयालाल झाड़ोल, खेलमंत्री हरिकिशन जीय छप्पन अध्यक्ष शंकरलाल सल्लाडा मेवल अध्यक्ष रूपजी वागड़ अध्यक्ष भंवरलाल जीय खेरवाड़ा अध्यक्ष बंशीलाल केसरिया जी अध्यक्ष किशनलाल वैरघटा अध्यक्ष नारायणलाल समस्त बैठकों के खेलमंत्रीय वरिष्ठ व युवा उपस्थित रहे।



डूंगरपुर। बैठक में पत्रिका विमोचन करते अतिथि। -फोटो: चन्द्रमौली चौबीसा

## फंदे से लटका मिला महिला का शव

- एक साल पूर्व हुई थी मृतका की शादी, दोवड़ा थाना क्षेत्र का मामला
- पति कुवैत में करता है नौकरी, पिहर पक्ष ने जांच की रखी मांग



डूंगरपुर। जिला अस्पताल मोर्चरी के बाहर एकत्रित परिजन। - फोटो: चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिलें के दोवड़ा थाना क्षेत्र के पाड़लाथूर गांव में एक महिला का शव घर में फंदे पर लटका मिला। महिला की साल भर पहले शादी हुई थी। सुचना पर मृतका का पति भी कुवैत से घर लौट आया। वही पीहर पक्ष की मांग पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दोवड़ा थाने के एसआई ने बताया कि पाड़लाथुर निवासी काजल पत्नी जितेंद्र पंचाल का शव रविवार शाम के समय उसके घर के कमरे में ही साड़ी से फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर बांसवाड़ा के बागीदौरा से पीहर पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने बताया कि काजल और जितेंद्र की शादी साल भर पहले ही हुई थी। जितेंद्र कुवैत में रोजगार करता है। करीब 4 महीने पहले ही कुवैत गया था। रविवार को पत्नी काजल के फंदा लगाने का पता लगने पर वह अपने घर लौट आया। वही मृतका के शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सुचना मिलने पर दोवड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंची। वही पीहर पक्ष ने बेटी की मौत पर जांच करवाने की मांग की। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पूरे मामले की जांच अब एसडीएम की ओर से की जाएगी।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की संभाग स्तरीय बैठक संपन्न

**संभाग में माध्यमिक प्रारंभिक और संस्कृत शिक्षा के जेडी कार्यालय खोलने की मांग की**

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय बांसवाड़ा संभाग की बैठक फूलकुंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़ी में प्रदेश उपाध्यक्ष बांसवाड़ा संभाग देवीलाल पाटीदार की अध्यक्षता संभाग संगठन मंत्री दिलीप पाठक के मुख्य आतिथ्य, विभाग संगठन मंत्री प्रवीण जैन, चित्तौड़ प्रांत के कैलाशचंद्र मीणा व संभाग संयुक्त महिला मंत्री बीना दायमा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। अतिथियों द्वारा वाग्देवी वीणापाणि के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से बैठक का शुभारंभ हुआ।

बांसवाड़ा के जिला अध्यक्ष दिनेश मईड़ा ने शब्द सुमन से सभी का स्वागत किया। गढ़ी उपशाखा के अध्यक्ष भगवतीलाल खांट, मंत्री सुरेश सोलंकी, जयप्रकाश पाठक व विजय पांडे ने अतिथियों का तिलक और उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। डूंगरपुर के जिलाध्यक्ष बलवंत बामणिया व प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष देवीलाल निनामा ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय दो लाख तीस हजार की सदस्यता के साथ राज्य का सबसे बड़ा शिक्षक संगठन है। तीनों जिलाध्यक्षों ने राजस्थान के दूरस्थ जिलों की शिक्षक समस्याओं के शीघ्र समाधान करनेए एमडीएम व बाल गोपाल दुग्ध योजना व कुकिंग कम कन्वर्जन की बकाया राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष देवीलाल पाटीदार ने संगठन की आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि 28 और 29 दिसंबर को संगठन के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय संभाग स्तरीय अभ्यास वर्ग आयोजित होगा जिसमें तीनों जिलों से 350 से अधिक शिक्षक पदाधिकारी भाग लेंगे। संगठन के कार्यकर्ता राज्य और संभाग के सभी पीईईओ स्तर पर संगठन की रीति नीति से अवगत कराने हेतु संपर्क करेंगे।

आगामी जनवरी माह में राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन सांवरिया सेठ में आयोजित होने की संभावना व प्रत्येक जिले से दो हजार से अधिक शिक्षकों के सम्मेलन मे सम्मिलित होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन वृत के प्रचार प्रसार के लिए आयोजित जिला स्तरीय महिला शिक्षिका विचार गोष्ठियों के सफल आयोजन हेतु तीनों जिलों के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी।

**अभ्यास वर्ग संगठन की विचारधारा समझने का सुअवसर**

मुख्य अतिथि संभाग संगठन मंत्री दिलीप पाठक ने संगठन के कार्यकर्ताओं से सरकार से अपनी मांगों के साथ विद्यार्थियों और समाज हित में विद्यार्थियों में राष्ट्रीय विचारधारा और राष्ट्रीयता की भावना के बीजारोपण व पोषण का संवाहक शिक्षक को बताया। अभ्यास वर्ग इस दिशा में संगठन का सार्थक प्रयास है। शिक्षक समाज और राष्ट्र का निर्माता है। जिस पर राष्ट्रीयता और युवा पीढ़ी के निर्माण का गुरुत्तर दायित्व है।

**शिक्षकों का समायोजन बड़ी चुनौती**

विभाग संगठन मंत्री प्रवीण जैन ने आगामी समय में अधिशेष शिक्षकों के समायोजन को चुनौती पूर्ण बताया और संगठन के समस्त पदाधिकारियों से समायोजन प्रक्रिया पर पैनी नजर रखकर शिक्षकों का समायोजन काउंसलिंग सहमति के माध्यम से निकट स्थान पर करने, किसी भी स्तर पर अनियमितता को स्वीकार नहीं करने, कला वर्ग में सामाजिक हिंदी संस्कृत वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षक आदि की पदोन्नतियां करने व वेतन विसंगति दूर करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि कैलाश मीणा ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया। बिना दायमा ने सभी का आभार माना। बैठक का संचालन बांसवाड़ा के जिला मंत्री जयदीप पाटीदार ने किया। बैठक में रमेश पाटीदार जनक भट्ट, दिलीप सिंह चौहान, कमल सिंह सोलंकी, नवनीत भट्ट, यशवंत मीणा, अंबालालाल, गोपाललाल मीणा,निर्मल कुमार निनामा आदि शिक्षक पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सामूहिक राष्ट्रगान से बैठक का समापन हुआ।

## अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर(पुकार)।** कोतवाली पुलिस ने एक माह पहले शहर के एक मौहल्ले से नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया।

शहर के एक मौहल्ले से नाबालिक लडकी अपने घर के पास किराने की दूकान से सामान लेने गई थी। जहां पर गुजरात के मोडासा निवासी प्रकाश उर्फ जैला परमार पुत्र दिनेश परमार उम्र 22 लडकी को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया। जहां पर उसके पिता ने 3 नवंबर को कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई। पीडिता के पिता की रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने गुजरात के मोडासा में आरोपी को गिरफ्तार किया। जहां पर पूछताछ में बताया कि उसने नाबालिक को भगाकर राजकोट में ले गया था। जहां पर पापड बनाने की फैक्टी में काम कर रहा था। नाबालिक लडकी को पत्नी बनाकर दुष्कर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया।




डूंगरपुर। कोतवाली पुलिस की गिरफ्तार में अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी। फोटों: चन्द्रमौली चौबीसा

## संभल जामा मस्जिद मामले में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

**डूंगरपुर(पुकार)।** संभल जामा मस्जिद मामले में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने, मृतकों को 50 लाख मुआवजा व परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी की मांग को लेकर मुस्लिम महा सभा डूंगरपुर ने सोमवार को राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष इकबाल गौरी ने बताया कि संभल यूपी में सदियों पुरानी जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर उत्पन्न हुए विवाद के दौरान पुलिस फायरिंग में पांच मुस्लिम नौजवानों की मौत होने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की मुस्लिम महासभा जिल कमेटी निंदा करती है। इस मौके पर हाजी अब्दुल वाहिद, इफ्तेखार मलिक,मजहर कुरैशी, फरदीन कुरैशी,वसीम खान, माजिद सैय्यद, ताहिर एडवोकेट सादेकिन पठान मौजूद रहे।



डूंगरपुर। कार्यवाही की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौपते मुस्लिम महासभा सदस्य। -फोटो: चन्द्रमौली चौबीसा

## अभिवादन जै गुरु महाराज और सीता राम से करें,

### युवाओं को भक्ति मार्ग से जोड़ने का दायित्व हम सभी का है: अजमल गिरी महाराज

- बारह बीज मेले में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार, धार्मिक कार्यक्रम आयोजित



सीमलवाड़ा। मेले के दौरान धर्मसभा में उपस्थित मेट कोटवाल एवं भक्तगण। गुणवंत कलाल

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** गोविंद गुरु महाराज जन्मस्थली बांसिया में धूनी मगरी धाम पर सोमवार को बारह बीज का परंपरागत मेला भरा। मेले में शामिल भक्त, मेट, कोटवाल, आमजन श्रद्धालुओ को प्रवचन में कहा कि भक्ति, धर्म से सभी की उन्नति संभव है। धाम में गिरवरगिरी महाराज, अजमल गिरी, नारायणगिरी एवं प्रेम गिरी के सानिध्य में भक्तों ने प्रारंभ में मंदिर के शिखर पर नूतन ध्वज परिवर्तन के बाद यज्ञ में श्रीफल नारियल का होम किया। राजस्थान, गुजरात ओर मध्यप्रदेश राज्य से विभिन्न गांवों से पीले, भगवा वस्त्र में पहुंचे महिला, पुरुष भक्तों ने भाला, त्रिशूल हाथ में थामें धाम की परिक्रमा जुलूस में शामिल हुए। इससे पूर्व रात्रि को पाठ पूजन, रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन हुआ। गोविंद गुरु की राम राम, संत गुरु महाराज के जय कारे लगाएं। सत्संग कार्यक्रम के बाद ढोल नगाड़ों के साथ धाम परिक्रमा करते हुए विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं श्रद्धालु मन्नत धारण करने, मन्नत पूर्ण करने की परंपरा का निर्वहन भी करते दिखे।

इस दौरान धूणी पर हवन, महाआरती, भजन-पूजा व धर्म प्रवचन व परिक्रमा का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गो ने पीले वस्त्र धारण कर कतार में हाथों में भाला, त्रिशुल व नेजा लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ भजन-कीर्तन कर परिक्रमा में भाग लिया। वही इस मौके पर संतो ने अपने संदेश में नशा मुक्त समाज की नीव रखने एवं गोविंद गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। दिनभर वातावरण भक्तिमय बना रहा। परिक्रमा के समय ऐसा लगा कि धरती ने पीतांबरी ओढ़ रखी हो। मेले में मेवाड़, वागड़, गुजरात, मध्यप्रदेश समेत दूर दराज क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इंद्र धूनी में सामूहिक हवन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। धर्म सभा को संबोधित करते हुए धाम के अजमल गिरी महाराज ने गोविंद गुरु महाराज के बताए मार्ग पर चलने, सत्य अहिंसा का मार्ग अपनाने, मास मदिरा से दूर रहने, बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने, नशा प्रवृत्ति से दूर रहने, बच्चों में संस्कार के बीज डालने ओर युवाओं को भक्ति मार्ग से जोड़ने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमारी संस्कृति को जीवित रखने विरासत में भक्ति मार्ग का साधन सौंप गए हैं लेकिन हम हमारी विरासत को नहीं संभाल पा रहे है। महाराज ने कहा कि एक दूसरे का अभिवादन जै गुरु महाराज, सीता राम से ही करें। कमेटी अध्यक्ष वासुदेव बरजोड, भानुप्रताप पारगी, प्रताप बंजारा, प्रधान कारीलाल ननोमा, गलियाकोट प्रधान जयप्रकाश पारगी, सीमलवाड़ा सरपंच विजयपाल डोडियार, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा, बांसिया पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार, बांसिया सरपंच सूरजदेवी डोडियार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश भोई, कांतिलाल बंजारा, कन्हैया लाल बंजारा, विश्राम बंजारा, दिनेश भाई, बकू भाई, हक्सी डोडियार, शंभुलाल कलाल, कस्तूर बंजारा, कन्हैया लाल बंजारा सहित बड़ी संख्या जनजाति, बंजारा समेत अन्य समाज के श्रद्धालुओ ने पहुंच दर्शन पुण्यार्जन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पेसिफिक के विद्यार्थियों ने किया सामूहिक वस्त्र दान



उदयपुर (पुकार)। पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नस स्टडीज में अध्यनरत बीबीए, बीकॉम तथा बीए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों ने समाज के कमजोर वर्ग के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए वस्त्र दान किये। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ ही संकाय सदस्यों ने भी अपने अनुपयोगी किंतु पहनने योग्य कपड़े इकट्ठे करें। इसके तहत सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के कपड़े एकत्र किए गए तथा इन कपड़ों को स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों में वितरण के लिए दिया गया।

प्राचार्य डॉ. अनुराग मेहता ने कहा कि यह न सिर्फ सहयोग व सहकार की भावना को विकसित करने के लिए उठाया गया एक कदम है किंतु पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए भी यह अति आवश्यक है कि हम संसाधनों का सदुपयोग करें। वस्त्र निर्माण में बहुत सा जल प्रयोग में आता है साथ ही ऊर्जा का भी क्षय होता है इस कारण उत्पादित वस्त्रों का यदि पूर्णरुप से दीघ अवधि तक प्रयोग हो तो प्राकृतिक संसाधनों पर भी दबाव कम होता है।

इस मुहिम के संयोजक डॉ. अली अजगर जून ने बताया कि प्रबंधन की शिक्षा अर्जित कर रहे विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व तथा भारतीय मूल्य जैसे विषयों का समावेश नई शिक्षा नीति के तहत किया गया है जिसके क्रियान्वयन में इस प्रकार की समाजोपयोगी गतिविधियों का विश्वविद्यालय द्वारा आयोजन किया जा रहा हैं।

### विद्या भवन में किया प्रकृति परीक्षण



उदयपुर (पुकार)। मदनमोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर के स्नातकोत्तर शरीर क्रिया विभाग के द्वारा डॉ किशोरी लाल शर्मा के नेतृत्व में विभाग के स्नातकोत्तर अध्येताओं ने विद्याभवन पोलिटेक्निक महाविद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का प्रकृति परीक्षण किया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विष्णु कुमार मित्तल ने बताया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अभियान देश का प्रकृति परीक्षण में महाविद्यालय की शरीर क्रिया विभाग की टीम ने विद्याभवन में जाकर 300 लोगो का प्रकृति परीक्षण किया एवं लोगों को आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अभियान की जानकारी दी।

प्रकृति परीक्षण कराने के बाद हमारे शरीर की कौनसी प्रकृति है एवं उसके अनुसार स्वस्थ रहने के लिए खान पान की आदतें किस प्रकार की होनी चाहिए इसकी जानकारी मिलती है। पोलिटेकनिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल मेहता ने आयुष मंत्रालय का यह अभियान एक सराहनीय कदम बताया एवं आयुर्वेद महाविद्यालय एवं टीम का आभार व्यक्त किया। प्रकृति परीक्षण टीम में डा मोनिका, डॉ ट्विंकल, डॉ नन्द किशोर जिंदल, डॉ कोमल चावड़ा, डॉ मनीष सैनी, डॉ ऐश्वर्या, डॉ यामिनी, डॉ नैंसी, डॉ पूजा, डॉ श्रुति, डॉ निर्मला, डॉ कोमल उपस्थित रहे।

### युगधारा की रविवारीय सृजन विविधा गोष्ठी



उदयपुर (पुकार)। साहित्यिक सांस्कृतिक एवं वैचारिक संस्था युगधारा की रविवारीय सृजन विविधा गोष्ठी बंसत विहार पार्क, सेक्टर-5, उदयपुर में आयोजित की गई।संस्थापक डॉ ज्योतिपुंज ने बताया कि गोष्ठी की अध्यक्षता रामदयाल मेहरा ने की। मुख्य अतिथि निर्मल तेजस्वी व विशिष्ट अतिथि श्याम मठपाल का सानिध्य प्राप्त हुआ। गोष्ठी का संचालन लोकेश चन्द्र चौबीसा व धन्यवाद ज्ञापन बिलाल पठान ने किया । संस्था अध्यक्ष किरण बाला 'किरन' ने बताया कि गोष्ठी में अशोक जैन मंथन, डा. कामिनी व्यास रावल, लोकेश चन्द्र चौबीसा, बिलाल पठान, श्याम मठपाल, निर्मल तेजस्वी और रामदयाल मेहरा, कमल सुहालका ने समसामयिक, सुरुचिपूर्ण एवं उत्कृष्ट सारगर्भित रचनाएं प्रस्तुत की।

### ट्रस्ट की बैठक में भावी योजनाओं की जानकारी दी



उदयपुर (पुकार)। मेवाड़ शक्ति कल्याण ट्रस्ट पदाधिकारियों की बैठक ट्रस्ट परिसर में अध्यक्ष बसंती वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि दुर्गाशंकर नागदा, डॉ. ओपी महात्मा, संपत माहेश्वरी, घनश्याम पटवा, रामनाथ सिंह चौहान, भरत कुमावत आदि थे।

बैठक में ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा ने ट्रस्ट की प्रस्तावित भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए नव वर्ष 2025 में उन्हें जोरशोर से संचालित करने की जानकारी दी।

इसी दौरान बैठक में उपस्थित अध्यक्ष बसंती वैष्णव के पुत्र अभिषेक वैष्णव का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया सभी ने अभिषेक के उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की यह जानकारी ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा ने दी।

### अपना घर आश्रम में बांटे फल, बिस्किट एवं गजक



उदयपुर (पुकार)। महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा के तत्वावधान में महावीर इंटरनेशनल स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर सेवा प्रकल्प की कड़ी में सोमवार को बेदला स्थित अपना घर आश्रम में फल, बिस्किट वितरित किए गए। केन्द्र अध्यक्ष डॉ. हंसा हिंगड़ ने बताया कि स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत 21वें कार्यक्रम के तहत सोमवार को केन्द्र सदस्याएं बेदला स्थित अपना आश्रम घर गए जहां 50 विमंदित और निराश्रित लोगों को कचोरी, संतरे, केले, वेफर्स, बिस्कट, तिल की गजक वितरित के साथ ही आश्रम में अर्थ सहयोग भी किया गया। कार्यक्रम में सचिव सुमन भंडारी, रेणु बाबेल, बिंदु कोठारी, सरोज बापना, पुष्पा सिसोदिया, तृप्ति झा, इंद्रा जैन , सतीश कोठारी आदि उपस्थित थे।

# सुसंस्कृत नागरिक का निर्माण करने के लिए भारत विकास परिषद जैसी संस्थाओं का होना अति आवश्यक:गौतम दक

### भारत विकास परिषद की वात्सल्य, पद्मिनी व आदित्य शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह






उदयपुर (पुकार)। संस्कार के विविध प्रकल्पो जैसे राष्ट्रीय समुह गान प्रतियोगिता,भारत को जानो प्रतियोगिता, संस्कृति सप्ताह ,नव संवत्सर कार्यक्रम, योग, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आदि भारत विकास परिषद द्वारा वृहद स्तर पर जन चेतना के कार्य किए जाते हैं।

उदयपुर जिला समन्वयक राकेश नंदावत के बताया कि दयित्व ग्रहण कार्यक्रम के समारोहाधिपति गौतम दक सहकारिता मंत्री, मुख्य अतिथि डी डी शर्मा राष्ट्रीय मंत्री भारत विकास परिषद, कार्यक्रम अध्यक्ष गिरीश पानेरी, सम्मानित अतिथि जय राज् आचार्य थे। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक तारा चंद जैन एवं उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा थे।अतिथियों ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर मल्यार्पण किया। समन्यक राकेश नंदावत ने आव्हान किया कि पूरे देश को भारत विकास परिषद अपने कार्यकर्ता के माध्यम से कुपोषण मुक्त करने कार्य प्राथमिकता से करेगी।सहकारिता मंत्री गौतम दक ने उद्बोधन में कहा की सु संस्कृत नागरिक का निर्माण करने के लिए भारत विकास परिषद जैसी संस्थाओं का होना आवश्यक है। ये समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहकर उनके सदस्य कार्य करते हैं। सभी को भारत विकास परिषद से जुड़ने का आह्वान किया। शिल्पा पामेचा के अनुसर मुख्य अतिथि शर्मा ने तीन शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को सदस्य को चार्टर प्रदान किया। और दायित्व ग्रहण करवाया। वात्सल्य शाखा से गजेंद्र सुराणा अध्यक्ष, ललित चौधरी सचिव, अशोक कूकड़ा को कोषाध्यक्ष एवं राजस्थान की पहली महिला शाखा के रूप में शिल्पा पामेचा को अध्यक्ष, सचिव बलदीप शर्मा ,कोषाध्यक्ष सोनिका चौहान ने पद्मिनी शाखा तथा शुभम् गाँधी अध्यक्ष, ईशान जायसवाल सचिव एवं दुष्यन्त शर्मा कोषाध्यक्ष ने अद्वितीय शाखा का कार्यभार ग्रहण किया शांतिलाल गोदलिया द्वारा वंदे मातरम गायन किया। संचालन आलोक पगारिया ने किया व प्रशांत व्यास ने धन्यवाद दिया।अंत में जन गण मन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया।यह जानकारी मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने दी।

# लक्ष्मीनारायण भगवान ठाकुर जी का अन्नकूट महोत्सव एवं विशाल भजन संध्या सम्पन्न

### औदिच्य समाज के भामाशाओं एवं वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान



उदयपुर (पुकार)। श्री लक्ष्मीनारायण युवा परिषद, श्री परशुराम गरबा मण्डल, उदयपुर एवं श्री लक्ष्मीनारायण औदिच्य समाज मंदिर ट्रस्ट पाणुन्द के संयुक्त तत्वावधान में एक शाम ठाकुर जी के नाम भव्य भक्ति संध्या का आयोजन औदिच्य समाज के भामाषाओं एवं वरिष्ठजनों के सम्मान समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। संस्थापक हीरालाल गोकलावत एवं परिषद अध्यक्ष जमनाशंकर धुलावत एवं औदिच्य समाज ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीलाल डूंगावत ने बताया कि श्री भगवान लक्ष्मीनारायण का 12वां भव्य अन्नकूट महोत्सव समारोह श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर पाणून्द में धूमधाम से आयोजित हुआ। वहीं विशाल भजन संध्या स्व. पन्नालाल डूंगावत की स्मृति में जगदीश लाल, लक्ष्मीलाल, तुलसीराम, रूपलाल, दिलीप एवं गणेशलाल डूंगावत की ओर से आयोजित गई उसमें कानोड़ के प्रसिद्ध भजन गायक रामजी राव, चावण्ड नारसिंह माता के मुख्य भोपाजी नारायणलाल, राजसमंद के भजन सम्राट ओम प्रकाश लोहार व नरेश लोहार द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें थाली भरने लाई में खिचड़ों, उपर घी की वाटकी..., मण्डफिया वाला सेठ सांवरा, मने काली गाड़ी लानी..., सांवरियों है सेठ राधा जी सेठानी है....सहित अनेक प्रकार के गरबों पर श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झुमें। पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल पतावत, नारायण हीरावत व पूर्व कोषाध्यक्ष डालचंद बोरीवाला व भोपाजी गणेशलाल औदिच्य ईडाणा ने बताया कि गांव में समाज का भवन बनवाने वाले भामाशाहों तथा वरिष्ठजनों को समाज गौरव अलंकरण से अंलकृत किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी पन्नालाल माडसाब, वैद्यराज शोभालाल औदिच्य, विप्र सेना के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र पालीवाल, भामाशाह धमेन्द्र औदिच्य सवीना, समाजसेवी महेन्द्र भारद्वाज पूला, गौतमलाल औदिच्य करावली, चित्रकार चेतन औदिच्य, गौतमलाल पतावत, शंकरलाल हीरावत, तुलसीराम डूंगावत, शोभालाल गोकलावत, नाथुलाल धूलावत, प्रेमशंकर रोडदा, दिनेश औदिच्य आट, जगदीश औदिच्य तितरडी, जगदीश डूंगावत, कैलाश औदिच्य करावली, शांतिलाल डूंगावत, प्रेम औदिच्य अडिन्दा सहित कई समाजजनों का सम्मान किया। भक्ति-संगीत संध्या के बाद महाआरती एवं महाप्रसाद का वितरण का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मण्डफिया से आए कलाकार ने भगवान लक्ष्मीनारायण जी को विशेष वेशभूषा का श्रृंगार करवाया गया।

इस अवसर पर संस्थापक हीरालाल गोकलावत, छगनलाल डूंगावत,शांतिलाल डूंगावत, प्रेमशंकर औदिच्य रोड़दा, रमेश पतावत, पूर्व कोषाध्यक्ष डालचंद बोरीवाला, जमनेश डूंगावत, कैलाश डूंगावत, कोषाध्यक्ष मांगीलाल पतावत, भोपाजी गणेशलाल औदिच्य ईडाणा, भूपेश डूंगावत, धर्मेन्द्र गोन्दावत, रूपलाल हीरावत, जितेन्द्र गोन्दावत, दीपक डूंगावत, ललित जीवावत, गजेन्द्र गोन्दावत, शांतिलाल औदिच्य जावद, तनिष्क औदिच्य जावद, प्रकाश हीरावत, विजय डूंगावत, राकेश डूंगावत, मयुरेश औदिच्य, सेमाल, हितेश औदिच्य उथरदा, हार्दिक हीरावत, चिराग डूंगावत, सिद्धार्थ डूंगावत, राजकुमार औदिच्य वल्लभ, नारायण औदिच्य बोरी, पियुष गोकलावत, सिद्धार्थ बोरीवाला, जेनिल बोरीवाला, अनिश डूंगावत, विराट डूंगावत, पार्थ गोन्दावत, मोहित औदिच्य आट, अभिषेक जीवावत, देवीलाल हीरावत, इन्द्रमल हीरावत, भगवती प्रसाद हीरावत, करण हीरावत, अजय गोकलावत, भरत हीरावत सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## प्रजापत समाज की नवनिर्मित सराय का उद्घाटन 31 जनवरी को



उदयपुर (पुकार)। ग्राम पंचायत दरौली स्थित श्रीयादे देवी मंदिर परिसर में मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड चौखला की बैठक आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष देवीलाल प्रजापत सराय थे वहीं अध्यक्षता गणेश लाल प्रजापत घासा ने की। मेवाड चौखले के मीडिया प्रभारी भगवान प्रजापत ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। चौखला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत ने बताया कि समाज की ओर नवनिर्मित सराय का उद्घाटन 31 जनवरी को होगा। उद्घाटन की पूर्व संध्या पर सत्यनारायण कथा व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 31 जनवरी को श्रीयादे देवी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर श्रीयादे देवी जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और नवनिर्मित सराय का उद्घाटन किया जाएगा। इस मौके पर समाज के भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। संयुक्त महामंत्री डी सी प्रजापत बिठोली ने बताया कि मेवाड़ चौखले की टेलिफोन डायरेक्ट्री का जयंती महोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम में विमोचन किया जाएगा। कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापत दरौली ने बताया कि बैठक में वागड मेवाड प्रजापति समाज संस्थान का जिला सम्मेलन मार्च या अप्रैल माह में आयोजित करने पर चर्चा की गई। सह सचिव कालू प्रजापत ने बताया कि बैठक में मंदिर परिसर में सीसी रोड बनाने सहित अन्य विकास कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के पश्चात स्नेहभोज का आयोजन भामाशाह विजय प्रजापत सराय की ओर से किया गया। बैठक में दलाजी इंटाली, शिवराम सराय, अंबालाल नवानिया, उदयलाल खेड़ी, मांगीलाल इंटाली, धनराज सराय, रूपलाल ढावा, दीपलाल घासा, पन्नालाल भटेवर, लोगरलाल दरौली, गेहरी लाल, केसुलाल सहित समाज के कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे

## कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक अमीन खान, गणेश लाल डांगी व जितेंद्र भटनागर का सम्मान



उदयपुर (पुकार)। एमबी हॉस्पिटल उदयपुर के अधीक्षक डॉ आर एल सुमन द्वारा सीनियर नर्सिंग ऑफिसर अमीन खान, गणेश लाल डांगी एवं जितेंद्र भटनागर को कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक बनाया है। अधीक्षक डॉ आर एल सुमन की उपस्थिति में कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक अमीन खान, गणेश लाल डांगी व जितेंद्र भटनागर को माला पहनकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन उदयपुर के संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया के कार्यक्रम में नर्सिंग अधीक्षक गीता आहारी, ओम प्रकाश पालीवाल व हसीना आहरी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत आमेटा, जिला अध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष, संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया, नारायण सिंह,सकीला अंसारी, महेंद्र सिंह सारंगदेवोत ,ललित गंधर्व, जितेंद्र शर्मा,भीम सिंह, अनिल प्रजापत, हेमंत मीणा, सीमा चौधरी सहित कई सीनियर नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित थे।

# दाऊदी बोहरा जमाअत के चुनाव में 21 सदस्य चुने गए



उदयपुर (पुकार)। सुधारवादी बोहरा समुदाय से संबद्ध दाऊदी बोहरा जमाअत, उदयपुर के 15वें आम चुनाव रविवार को बोहरवाड़ी स्थित जमाअत खाना में सम्पन्न करवाए गए। जिनमे चुनाव के ज़रिये 21 सदस्यों का चुनाव किया गया। चुनाव कन्वीनर अनीस डीएम ने बताया कि नाम वापसी के पश्चात् कुल 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। 27 उम्मीदवारों मे से 21 सदस्यों का चयन चुनाव द्वारा किया गया । लगभग 3500 मतदाता 21 उम्मीदवारों का चुनाव किया। चुनाव का समय रविवार 1 दिसंबर 2024 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया। मतदान के बाद मतगणना उसी दिन शाम को जमाअत खाना में शुरू की गई जिसमे नतीजे 2 दिसंबर अल सुबह 5 घोषित किये गए।

**इन सदस्यों का चुनाव हुआ :** 27 उम्मीदवारों में से अदनान मशरकी, अनीस हीतावाला, अबरार कत्थावाला, अली असगर खिलौना वाला, आरिफ बाटलीवाला, इक़बाल हुसैन रस्सावाला, ज़ाकिर हुसैन हबीब, नाज़नीन मंडी वाला, फ़िरोज़ नाथ, फ़िरोज़ पीपावाला, फ़िरोज़ लोहा वाला, माजिदा ओकासा वाला , मोइज़ ज़री वाला, रियाज़ हुसैन खारागुरा वाला, शब्बर हुसैन कुतुब अली वाला, शेरे बानू खाखड़ वाला, सरफ़राज़ गुमानी वाला, सरफ़राज़ मुहिब, सरफ़राज़ राजसनगर वाला , हमीदा कलकत्ता वाला और हुसैनी मोहीवाला चुने गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया की 1246 लोगो ने मतदान किया, जिसमे 1200 मत वैध पाए गये। सर्वाधिक मत फ़िरोज़ नाथ 1067 वोट मिले।

चुनाव कमिटी के प्रवक्ता अनीस मियांजी ने बताया की निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतान्त्रिक तरीके से चुनाव संपन्न करवाने हेतु मतदान एवं मतगणना का सम्पूर्ण कार्य चुनाव प्रक्रिया में दक्ष सरकारी कर्मचारियों के गठित दल मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र सिंह सोलंकी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी जे एस पंवार और उनकी टीम के नेतृत्व द्वारा चुनाव प्रक्रिया को अंजाम दिया गया।

चुनाव कमिटी के प्रवक्ता अनीस मियांजी ने बताया की मतदान के ज़रिये चुने गए 21 सदस्य अब 11 सदस्यों को मनोनीत करेंगे। इसके पश्चात् सभी 32 सदस्य मिलकर आगामी तेन वर्षो के लिए अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष , 1 सचिव, 2 सह सचिव,1 कोषाध्यक्ष, 1 अकाउंटेंट और 3 कार्यकृरिणी की कोर टीम बनाए जाएंगे।

दाऊदी बोहरा जमाअत के चुनाव कन्वीनर अनीस डीएम ने बताया कि चुनाव हेतु जमाअत खाना में मतदताओं की सहूलियत के लुए चार बूथ बनाये गए थे। मतदाताओं विशेषकर महिला मतदाताओं के साथ ही बुज़ुर्गो और पहली वार वोट डालने आये युवाओ ने मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया मतदान प्रतिशत 35.23त्न रहा। मतदान के कम प्रतिशत को लेकर उन्होंने कहा की समुदाय के अधिकांश परिवार कुवैत, दुबई, कनाडा, यूएसए और भारत के मेट्रो सिटी जैसे मुंबई, बैंगलोर, पुणे जैसे शहरों में नौकरी पेशा हेतु निवासरत है ऐसे में उदयपुर निवासियों ने ही अपने मतदान का उपयोग किया।

# विद्या निकेतन विद्यालय में गीता आधारित मोटिवेशनल सत्र का आयोजन

### भगवद गीता से दिए स्टडी टिप्स



उदयपुर (पुकार)। गीता जयंती आयोजन समिति की द्वारा गीता ज्ञान व्याख्यान माला की श्रृंखला में सोमवार को विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी विद्यालय सेक्टर 4 में संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत की विद्वत परिषद की प्रमुख डॉ रेनू पालीवाल और मोटिवेशनल स्पीकर आशीष सिंह द्वारा विद्यार्थियों को श्रीमद् भगवद गीता के आधार पर महत्वपूर्ण स्टडी टिप्स दिए गए। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि डॉ रेनू पालीवाल ने गीता का उद्धरण देते हुए कहा कि विद्यार्थी जैसा सोचेंगे, वैसा बनेंगे ।अतः उन्हें सदैव सकारात्मक सोचना है और अपने जीवन का मूल्य समझना है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनका स्वधर्म यानी पढ़ाई में मन लगाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गीता के अनुसार समय सबका बदलता है ।अतः अपने जीवन में सच्चे मित्र बनाकर ध्यान के अभ्यास से द्वारा लक्ष्य पर रहना चाहिए। उन्होंने मन और बुद्धि का अंतर बताते हुए कहा कि मन हमें भटकाता है लेकिन बुद्धि हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है ।अतः बुद्धि के अनुसार सही निर्णय लेने चाहिए।

मोटिवेशनल स्पीकर आशीष सिंहल द्वारा गीता के अध्याय 16 में वर्णित 26 दैवीय गुणों पर आधारित एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को इन गुणों की महत्ता समझाते हुए, जीवन में उनकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। आशीष सिंहल ने सरल और प्रभावशाली ढंग से दैवीय गुणों जैसे अहिंसा, सत्य, करुणा, क्षमा, विनम्रता, और सहनशीलता का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि इन गुणों को अपनाकर हम न केवल एक सफल व्यक्ति बन सकते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी ला सकते हैं।

कई प्रेरणादायक कहानियों और उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि ये गुण हमारे जीवन को शांति और आनंद से भर देते हैं। साथ ही, उन्होंने गीता के उपदेशों को आधुनिक जीवन में कैसे अपनाया जाए, इस पर भी चर्चा की। विद्यालय के प्रभारी ने इन गीता व्याख्यान माला की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सत्र विद्यार्थियों के नैतिक और आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

संयोजक गोपाल कनेरिया ने बताया कि मोक्षदा एकादशी पर गीता जयंती महोत्सव निंबार्क शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुरजपोल में रविवार 8 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सनातन पाठशाला, गीता परिवार, संस्कृत भारती, सर्व ब्राह्मण एकता परिषद और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में महंत रासबिहारी जी के सानिध्य में संपन्न होगा।

## विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा बैठक आयोजित



उदयपुर (पुकार)। श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा संभाग उदयपुर की विशेष बैठक श्रीविश्वकर्मा भवन अदकालिया में संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल सुथार के सानिध्य में आयोजित हुई।

विकास संस्थान प्रवक्ता टीटू सुथार ने बताया कि आगामी शीतकालीन अवकाश में सलूंबर में संभाग स्तरीय सामाजिक खेलकूद प्रतियोगिता पर विस्तृत चर्चा कर व्यवस्था के लिए कार्य समितियों का गठन किया गया। निमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया व खेल पोशाक का अनावरण हुआ। इस मौके पर संभागीय महासचिव कन्हैयालाल झाड़ोल, खेलमंत्री हरिकिशन छप्पन, अध्यक्ष शंकरलाल सल्लाडा, मेवल अध्यक्ष रूपजी, वागड़ अध्यक्ष भंवरलाल जी, खेरवाड़ा अध्यक्ष बंशीलाल जी, केसरियाजी अध्यक्ष किशनलाल जी, वैरघटा अध्यक्ष नारायणलाल जी, नाथुजी थडा, धुलजी उथरदा, शंकरजी फीला, रूपजी ओरवाडीया, देवीलाल जी बस्सी, रमेश जी पूंजपुर, शंकरजी वागड़, शांतिलाल उथरदा व समस्त बैठकों के खेलमंत्री, वरिष्ठ व युवा उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.